# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 289 । भोपाल, बुधवार 18 अक्टूबर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

बैंकों कर्मियों की चुनाव में ड्यूटी लगी, ले रहे प्रशिक्षण — पृष्ठ 3

▪ डूबते मोदी को अब सेना की रेस्क्यू टीम का सहारा
▪ हमास-इजराइल सशस्त्र संघर्ष विश्व अर्थव्यवस्था के लिए नया जोखिम — पृष्ठ 4

▪ फव्वारा चौक पर पुलिस ने कार से जब्त किए 8 लाख नगद — पृष्ठ 6

कांग्रेस के दबाव में आकर सरकार ने गंगाजल पर जीएसटी हटाया : श्रीनेत — पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### वहीदा दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री वहीदा रहमान को नेशनल फिल्म अवॉर्ड्र्स में दादा साहेब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वहीदा रहमान को दादा साहेब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया। इस मौके पर वहीदा रहमान ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और जूरी मेंबर्स का शुक्रिया अदा किया। वहीदा रहमान ने कहा, आज जिस भी मुकाम पर मैं खड़ी हूं, यह मेरी प्यारी फिल्म इंडस्ट्री की वजह से है। मुझे किस्मत से बहुत अच्छे टॉप डायरेक्टर्स, प्रोड्यूसर्स, फिल्म मेकर्स, टेक्नीशियंस, राइटर्स,डायलॉग राइटर्स और म्यूजिक डायरेक्टर्स सबका बहुत सहारा मिला। बहुत इज्जत दी, बहुत प्यार दिया।

### 2 पटाखा फैक्ट्रियों में विस्फोट, 10 की मौत

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के शिवकाशी में मंगलवार को दो अलग-अलग पटाखा फैक्ट्रियों में विस्फोट होने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। वहीं कई लोगों के घायल होने की भी खबर है। पुलिस ने बताया कि मृतकों में छह महिलाएं हैं। मृतकों की पहचान को लेकर जांच प्रक्रिया जारी है। एक सप्ताह पहले शिवकाशी में एक पटाखा इकाई में विस्फोट से सात लोगों की जान चली गई थी और पिछले 15 दिनों में पटाखा विस्फोट की पांच अलग-अलग घटनाओं में 30 लोगों की जान चली गई है।

### सेना की गरिमा को ठेस पहुंचा रही मोदी सरकार : खड़गे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार सेना की प्रतिष्ठा का ध्यान रखे बिना अपनी सरकार के कार्यों की उपलब्धियों का प्रचार के लिए उसका इस्तेमाल कर रही है और उसका यह कदम सेना के शौर्य को ठेस पहुंचाने वाला है। श्री खडगे ने ट्वीट किया राष्ट्र की सुरक्षा करने वाले हमारे भारतीय सेना के वीर जवानों की लोकप्रियता को भुनाकर मोदी जी स्वयं का प्रचार करवा रहें हैं।

### छत्तीसगढ़ में मारा गया 8 लाख का इनामी नक्सली

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के दौरान नक्सली गतिविधियां बढ़ाने की लगातार आशंका है और ऐसा होता नजर भी आ रहा है। इसी के चलते बीजापुर के जंगल में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में एक आठ लाख का इनाम नक्सली मारा गया है। उसके पास से एके-47 राइफल भी बरामद हुई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राज्य के बीजापुर इलाके के मददेड़ थाना क्षेत्र के बंदेपुरा गांव के जंगल में नक्सलियों का शिविर होने की सूचना सुरक्षा बलों को मिली थी।

### गुजरात के मछुआरे की पाकिस्तानी जेल में मौत

**गिर सोमनाथ, एजेंसी।** गुजरात के गिर सोमनाथ जिले के एक मछुआरे की इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तान की जेल में मौत हो गई। राज्य के मछुआरों के कल्याण के लिए समर्पित गैर सरकारी संगठन समुद्र श्रमिक संघ ने मंगलवार को कहा कि पिछले तीन महीनों में यह इस तरह की दूसरी मौत है। मृतक की पहचान कोडिनार ब्लॉक के डुडाना गांव के 55 वर्षीय भूपतभाई जीवाभाई वाला के रूप में हुई है। कराची जेल में बंद साथी मछुआरों ने बताया कि 9 अक्टूबर को उसकी मौत हो गई। भूपतभाई जीवाभाई वाला को 12 अक्टूबर, 2021 को पीएमएसए ने गिरफ्तार किया था। उसे कथित तौर पर अरब सागर में ट्रॉलर राज त्रिशूल पर मछली पकड़ते हुए पाया गया था, जिसे पाकिस्तानी अधिकारियों ने उनके क्षेत्रीय जल का उल्लंघन माना था।

---

### कांग्रेस ने जारी किया वचन पत्र, महिलाओं, किसानों और नौजवान पर फोकस

# कर्जमाफी, महिलाओं को 15 सौ, बेरोजगारी भत्ता, मुफ्त बिजली और पुरानी पेंशन योजना का वादा

▪ 2 लाख पदों पर भर्तियां करेंगे ▪ बेटियों की शादी के लिए 1 लाख से अधिक ▪ स्कूली शिक्षा निःशुल्क होगी ▪ सौ यूनिट बिजली मुफ्त देने ▪ छत्तीसगढ़ की तरह लागू की जाएगी नंदिनी गोधन योजना ▪ गेहूं 26 सौ रुपए और धान 25 सौ रुपए मूल्य पर खरीदेंगे ▪ तेंदूपत्ता की मजबूरी 4 हजार प्रति मानक बोरा होगी ▪ पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण ▪ जातिगत जनगणना



**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने आज अपना वचन पत्र जारी कर दिया। इसमें किसानों, महिलाओं और नौजवानों के लिए कई वादे किए गए हैं। पार्टी ने एक बार फिर किसानों के 2 लाख तक के कर्ज माफ करने के अलावा नारी सम्मान योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 15 सौ रुपए, बेटियों के विवाह के लिए 1 लाख 1 हजार रुपए की सहायता, 5 सौ रुपए में घरेलू गैस सिलेंडर, पढ़ो-पढ़ाओ योजना के अंतर्गत निःशुल्क स्कूल शिक्षा देने का वादा किया है। वहीं सौ यूनिट बिजली मुफ्त देने, शिक्षित बेरोजगार युवाओं को 15 सौ से 3 हजार रुपए तक प्रतिमाह, तेंदूपत्ता की मजदूरी दर 4 हजार रुपए प्रति मानक बोरा करने और पुरानी पेंशन योजना लागू करने का वादा किया गया है। साथ ही पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण देने और जाति जनगणना कराने का वादा भी किया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने वचन पत्र जारी करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश की जनता गवाह है कि वर्ष 2018 में कांग्रेस की सरकार बनने पर पहली किस्त में 27 लाख किसानों का कर्ज माफ किया था। हम अपनी सभी गारंटियां और वादे पूरा करेंगे। वचन पत्र में कांग्रेस ने सरकार में युवाओं की दो लाख पदों के लिए भर्ती की जाएगी। वहीं, एक लाख अलग से पद बनाकर युवाओं को रोजगार देने का काम करेंगे। धान 25 सौ रुपए क्विंटल, गेहूं 26 सौ रुपए क्विंटल के हिसाब से खरीदने का वचन दिया है। साथ ही कहा है कि इसको बढ़ाकर हम 3 हजार हजार तक ले जाने का काम करेंगे। कमलनाथ ने नंदिनी गौ-धन योजना की घोषणा करते हुए कहा कि दो रुपए किलो के हिसाब से गोबर खरीदेंगे। हम युवा स्वाभिमान योजना शुरू करेंगे, दुर्घटना, स्वास्थ्य बीमा के लिए हम लोग 25 लाख रुपए तक का बीमा कराएंगे। वृद्धा पेंशन योजना के जरिए 12 सौ रूपये देने का काम करेंगे। 'मेरी बेटी योजना' में जन्म से लेकर विवाह तक दो लाख तक देने का काम करेंगे। प्रदेश में पढ़ो-पढ़ाओ योजना लागू की जाएगी। जिसके तहत बच्चों को 1 से 8वीं तक 5 सौ रुपए 9-10वीं के लिए 1 हजार एवं 11-12वीं के बच्चों को 15 सौ रुपए प्रतिमाह दिए जाएंगे। प्रदेश को आईटी हब बनाया जाएगा।

#### कांग्रेस की गारंटियां

- किसानों का 2 लाख तक का कर्ज माफ करेंगे
- महिलाओं को प्रतिमाह 1500/-रूपए नारी सम्मान निधि के रूप में देंगे
- घरेलू गैस सिलेंडर 500/- रूपए में देंगे
- इंदिरा गृह ज्योति योजना के अंतर्गत 100 यूनिट माफ और 200 यूनिट हाफ दर पर देंगे
- पुरानी पेंशन योजना 2005 ओपीएस प्रारंभ करेंगे
- किसानों को सिंचाई हेतु 5 हार्सपॉवर का विद्युत निःशुल्क प्रदान करेंगे
- किसानों के बकाया विद्युत देयक माफ करेंगे
- किसान आंदोलन एवं विद्युत संबंधी झूठे व निराधार प्रकरणों को वापिस लेंगे।
- बहुदिव्यांगजनों की पेंशन की राशि बढ़ाकर रूपए 2000/- करेंगे।
- जातिगत जनगणना कराएंगे।
- शासकीय सेवाओं एवं योजनाओं में पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देंगे
- संत शिरोमणि रविदास के नाम पर कौशल उन्नयन विश्वविद्यालय सागर में स्थापित करेंगे।
- तेंदूपत्ता की मजदूरी की दर 4000/- रूपए प्रति मानक बोरा करेंगे
- पढ़ो-पढ़ाओ योजना के अंतर्गत सरकारी स्कूलों के बच्चों को कक्षा 1 से 8वीं तक 500/- रूपए, कक्षा 9वीं-10वीं के लिए 1000/- एवं कक्षा 11वीं-12वीं के बच्चों को 1500/- रूपए प्रतिमाह देंगे
- मध्यप्रदेश में स्कूली शिक्षा निःशुल्क करेंगे
- आदिवासी अधिूसचित क्षेत्रों में कांग्रेस के कार्यकाल में बना पेसा एक्ट लागू करेंगे

#### वचन पत्र में यह भी वादे

- सिंचाई पंपों के पुराने बिल माफ होंगे
- झूठे बिजली चोरी के प्रकरण वापस लिए जाएंगे
- किसानों को 12 घंटे सिंचाई के लिए बिजली देंगे
- मप्र में भर्ती आयोग का गठन होगा
- नियम विरुद्ध भर्तियों की जांच होगी
- विधवा, दिव्यांग को 12 सौ रुपए पेंशन देंगे
- बोर्ड परीक्षा में मैरिट आने वाली कन्याओं को 2 लाख की सम्मान निधि देंगे
- प्रदेश में श्रीराम वन गमन पथ का निर्माण पूर्ण करेंगे
- अधिकारियों-कर्मचारियों को 4 चरणों में समयमान वेतनमान

#### दिया नारा : कांग्रेस आएगी, खुशहाली लाएगी

कमलनाथ ने कहा कि हमारा इस चुनाव का नारा है "कांग्रेस आएगी-खुशहाली लाएगी।" कमलनाथ ने कहा कि हमारे जो पहले के वचन हैं हम उन्हें पूरा करने लिए भी संकल्पित है। कमलनाथ ने कहा कि आज मेट्रो का श्रेय कोई भी ले, लेकिन मुझे श्रेय से ज्यादा प्रदेश की शान की चिंता है।

#### प्रदेश के लिए आईपीएल टीम बनाएंगे

हम खिलाड़ियों के लिए पदक लाओ-पद पाओ, पदक लाओ-करोड़पति बन जाओ योजना की शुरूआत करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लिए आईपीएल टीम बनाने का काम करेंगे आईपीएल का आयोजन भी करेंगे। संविदा और आउटसोर्स कर्मचारी के लिए हम न्याय करेंगे। जल का अधिकार, स्वास्थ्य का अधिकार, खाद्य का अधिकार, आवास का अधिकार, न्यूनतम रोजगार का अधिकार और सामाजिक न्याय का अधिकार देने का भी काम करेंगे।

#### शिवराज ने कांग्रेस के वचन पत्र को बताया महाझूठ पत्र



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस के वचन पत्र पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह महाझूठ पत्र है। पांच साल पहले भी उन्होंने 900 से ज्यादा वचन दिए थे, जिसमें से नौ वचन भी पूरे नहीं किए। श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश के नौजवान पूछ रहे हैं कि 4000 बेरोजगारी भत्ता कब मिलेगा। समर्थन मूल्य पर बोनस कब मिलेगा, समूहों का कर्जा कब माफ होगा। उन्होंने एक नहीं अनेक वचन दिए थे, सारे के सारे झूठे निकले। और आज फिर महाझूठ पत्र प्रस्तुत कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इस झूठ पर जनता भरोसा नहीं करने वाली क्योंकि जनता जानती है कि भाजपा जो कहती है वो पूरा करती है और जो नहीं कहती, उसे भी पूरा करती है। लाड़ली बहना योजना दृष्टि पत्र में नहीं थी, लेकिन हमने लागू की। लेकिन कांग्रेस की सच्चाई जनता जानती है, वह भ्रम में नहीं आने वाली।

---

### राहुल ने विधानसभा चुनावों को लेकर किया बड़ा दावा

# हम सभी पांचों राज्यों में जीत हासिल करेंगे



**आइजोल, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने मिजोरम का दो दिन का दौरा किया। उन्होंने मीडिया से बातचीत में यह दावा किया कि देश के पांच राज्यों में होनेवाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी जीत हासिल करेगी। उन्होंने अपने दावे को और पुख्ता करते हुए कहा कि वे जिधर भी जाते हैं उन्हें बीजेपी के खिलाफ भारी जन-आक्रोश नजर आता है।

कांग्रेस सांसद ने कहा, अगर आप उन राज्यों पर नजर डालें जहां हम चुनाव लड़ रहे हैं तो छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और मिजोरम, तो हम हर राज्य में जीत हासिल करेंगे। मैं जब मध्य प्रदेश जाता हूं तो मुझे भाजपा के खिलाफ भारी जनआक्रोश दिखता है, जब मैं छत्तीसगढ़ जाता हूं तो वहां हमारी सरकार द्वारा किए गए काम के लिए भारी समर्थन देखता हूं, राजस्थान में भी ऐसा ही होता है इसलिए जिन लोगों को पद से हटना है, वह भाजपा है, हम नहीं।' राहुल गांधी ने दावा किया कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' देश के 60 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है, जो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से भी अधिक है। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन अपने मूल्यों, संवैधानिक ढांचे और धर्म या संस्कृति से परे लोगों की खुद को अभिव्यक्त करने और सद्भाव से रहने की स्वतंत्रता को संरक्षित कर 'भारत की अवधारणा' की रक्षा करेगा।

**भाजपा के खिलाफ जनता में है भारी आक्रोश**

#### मणिपुर में जो हुआ, वह भाजपा की विचारधारा

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि कुछ दिनों पहले मैं भारत जोड़ो यात्रा से कन्याकुमारी से कश्मीर तक चला। इसका आइडिया भाजपा और आरएसएस की ओर से देश में फैलाई गई विचारधारा से लड़ना था। अगर हम देश में ध्यान से देखें तो भाजपा की विचारधारा साफ नजर आएगी। मणिपुर में जो हो रहा है, उससे पता चलता है कि बीजेपी की विचारधारा क्या कर सकती है। वहां सैकड़ों लोग मार दिए गए, महिलाओं से छेड़छाड़ हुई, उनका रेप हुआ। बच्चों को मार दिया गया, लोगों के घर जलाए जा रहे हैं। इसके बाद भी पीएम ने मणिपुर का दौरा नहीं किया। ऐसा लगता है कि पीएम के लिए मणिपुर देश का हिस्सा नहीं है।

### लोकसभा अध्यक्ष ने दुबे के खत का लिया संज्ञान

# आचार समिति के पास भेजा मामला

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा पर संसद में पैसा लेकर सवाल पूछने का जो आरोप भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लगाया है; उसे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गंभीरता से लेते हुए ऐथिक्स कमेटी (आचार समिति)के पास भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष को खत लिखकर महुआ के खिलाफ आरोप लगाते हुए इसकी जांच के लिए एक समिति गठित करने व सदन से उन्हें तत्काल निलंबित करने की मांग की थी। उन्होंने अपने खत में लिखा था कि ये सदन की अवमानना है। इसकी तत्काल जांच कराई जए। इसके बाद ओम बिरला ने टीएमसी सांसद के खिलाफ पैसा लेकर सवाल पूछने का मामला ऐथिक्स कमेटी के पास भेज दिया है। यही नहीं दुबे ने इसको लेकर आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव व राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर को भी खत लिखकर मामले की जांच कराने को कहा था। बतादें कि दुबे ने अपने खत में दावा किया था कि सुप्रीम कोर्ट के एक वकील ने टीएमसी सांसद पर कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से पैसा लेकर सदन में सवाल पूछने का दस्तावेजी आरोप लगाया है।

**महुआ मोइत्रा पैसे लेकर सवाल पूछने का लगाया था आरोप**

#### पहले दुबे के खिलाफ आरोप निपटाएं : महुआ

उधर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव को निशिकांत दुबे द्वारा लिखे खत के बाद पलटवार करते हुए टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने कहाकि लोकसभा अध्यक्ष पहले दुबे के खिलाफ लंबित आरोप हैं, उससे निपट लें। उसके बाद वे उनके खिलाफ जो भी कदम उठाएंगे,उसका स्वागत है।

---

### विधायकों की अयोग्यता मामले में सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

# अगर अध्यक्ष समय सीमा तय नहीं करेंगे, तो कोर्ट करेगा

- सर्वोच्च अदालत ने महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर को दिया आखिरी मौका
- अब 30 अक्टूबर को होगी इस मामले की सुनवाई
- सॉलिसिटर जनरल ने रास्ता निकालने की बात कही

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महाराष्ट्र में विधायकों के अयोग्यता के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार 17 अक्टूबर को विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर को अंतिम मौका देने की बात कही। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि विरोधी धड़े (उद्धव ठाकरे) की तरफ से जो याचिकाएं दायर की गई हैं, उस पर फैसला लेने के लिए स्पीकर वास्तविक समयसीमा निर्धारित करें। अयोग्यता की याचिकाओं को जल्द निर्णय लिए जाने की जरूरत है। महाराष्ट्र में विधायक अयोग्यता मामले की चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच में सुनवाई हुई। बेंच ने साफतौर पर कहा, 'टाइम शेड्यूल से हम संतुष्ट नहीं हैं। सॉलिसिटर जनरल ने भरोसा दिया है कि वे दशहरे की छुट्टियों में व्यक्तिगत रूप से स्पीकर से बात करेंगे और रास्ता निकालेंगे। अब मामले की सुनवाई 30 अक्टूबर को होगी।



#### नार्वेकर ने कहा था जल्दबाजी नहीं करूंगा

वहीं, महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने 17 अक्टूबर को बागी शिवसेना विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिकाओं पर कहा कि यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि किस घटनाक्रम को असंवैधानिक माना जाए। नार्वेकर ने 21 सितंबर को कहा था कि मैं शिवसेना विधायकों की अयोग्यता पर फैसला लेने में देर नहीं करूंगा, लेकिन इस मामले में जल्दबाजी भी नहीं करूंगा। जल्दबाजी करना मिसकैरेज ऑफ जस्टिस हो सकता है। मैं जो भी फैसला लूंगा, संवैधानिक होगा।

#### 13 को भी सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई थी

महाराष्ट्र में विधायकों के अयोग्यता मामले पर सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार 13 अक्टूबर को सुनवाई हुई। कोर्ट ने इस मामले में लगातार हो रही देरी पर महाराष्ट्र स्पीकर पर नाराजगी जताई थी। कोर्ट ने कहा कि कोई उन्हें समझाए कि वे हमारे आदेश का उल्लंघन नहीं कर पाएंगे। कोई भी कार्यवाही महज दिखावा नहीं हो सकती।

#### अध्यक्ष पर छोड़ा था सदस्यता का फैसला

एकनाथ शिंदे गुट के 16 बागी विधायकों की अयोग्यता पर सुप्रीम कोर्ट ने 11 मई को फैसला सुनाया था। इसमें कोर्ट ने बागी विधायकों की सदस्यता पर फैसला स्पीकर पर छोड़ दिया था।

#### समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने की गुहार मंगलवार को ठुकरा दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देने की मांग तीन-दो के बहुत से खारिज कर दी जबकि हिंसा, जबरदस्ती या हस्तक्षेप के किसी भी खतरे के बिना सहवास के उनके अधिकार को बरकरार रखा। संविधान पीठ ने बहुमत के फैसले में कहा कि कानून समान लिंग वाले जोड़ों के विवाह के अधिकार को मान्यता नहीं देता है। इस पर कानून बनाना संसद पर निर्भर है। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति कौल ने विवाह के अधिकार को पढ़ा और ऐसे समान लिंग वाले जोड़ों को परिणामी लाभ देने के अपने अधिकार को बरकरार रखा। दूसरी ओर न्यायमूर्ति भट, न्यायमूर्ति कोहली और न्यायमूर्ति नरसिम्हा ने समान लिंग वाले जोड़ों की शादी को मान्यता देने से इनकार कर दिया।

**इस पर कानून बनाना संसद पर निर्भर**

## सार समाचार

### राघौगढ़ पुलिस ने पकड़े चार जुआरी

**गुना, देशबन्धु।** जिले की राघौगढ़ पुलिस द्वारा ग्राम अहमदापुर में रात्रि में चल रहे एक जुए के फड पर दबिश देकर चार जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम अहमदापुर में मंदिर के पास लाईट की रोशनी में कुछ जुआ खेल रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी तो यहां कुछ जुआ खेलते दिखे। जिन्हें पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचा। जिन्होंने पूछताछ में अपने नाम सागर सिंह पुत्र हीरालाल लोधा, गोकुल पुत्र भैयालाल लोधा, मनोज पुत्र हरिचरण लोधा एवं महाराज पुत्र शिवचरण लोधा निवासगण अहमदापुर शामिल हैं। जिनके पास से पुलिस ने ताश की गड्डी एवं 840 रुपए नगदी बरामद किए। पुलिस ने सभी 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### 1 लाख की स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

**गुना, देशबन्धु।** जिले की चांचौडा पुलिस द्वारा 1 लाख की स्मैक सहित नशा तस्कर को दबोचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात को पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि बीनागंज बाईपास पर टोडी रोड अंडरब्रिज के पास एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ स्मैक बेचने के उद्देश्य से खड़ा हुआ है। उक्त सूचना पर तत्काल पुलिस टीम टोडी रोड अंडरब्रिज के पास पहुंची तो यहां ब्रिज के पास एक व्यक्ति खड़ा दिखा। जिसने पुलिस को देखकर वहां से भागने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस फोर्स द्वारा जिसे घेराबंदी कर दबोच लिया गया। जिसने पूछताछ पर अपना नाम रवि उर्फ कल्लू पुत्र प्रेमनारायण कुशवाह निवासी घोसी मोहल्ला बीनागंज, थाना चांचौडा का होना बताया। जिसके पास से पुलिस ने 10.68 ग्राम स्मैक बरामद की। जिसकी कीमती करीब एक लाख रुपए बताई जाती है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### झांकी के दर्शन करने गए युवक के साथ मारपीट

**गुना, देशबन्धु।** जिले के विजयपुर थानांतर्गत पालिका में झांकी के दर्शन करने गए एक व्यक्ति के साथ बदमाश ने मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी राजकुमार पुत्र प्रेमचंद जैन निवासी पालिका बाजार ने बताया कि वह गत रात वह एनएफएल गेट के सामने लगी झांकी के दर्शन करने गया था। यहां पुरानी रंजिश पर गोपाल वाल्मिकी ने गाली गलौंच कर उसके साथ मारपीट कर दी। घटना की जानकारी तत्काल फरियादी ने डायल-100 को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची डायल-100 को सुरक्षित थाने लाई। यहां उसने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

इधर जिले के धरनावदा थानांतर्गत ग्राम साबरा पहाड़ निवासी एक व्यक्ति के पुराने लेनदेन में मारपीट हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी चंद्रमोहन यादव ने बताया कि डेढ़ साल पहले उसने अपने रिश्तेदार अशोक यादव निवासी मोतीपुरा को मकान बनाने के लिए करीब सवा तीन लाख रुपए उधार दिए थे। गत दिवस वह अपनी बाईक से रिश्तेदारी में ग्राम सनोतिया जा रहा था। तभी रास्ते में अशोक यादव मिला। जिसने उधार पैसे वापस देने से मना करते हुए गाली गलौंच की। जब फरियादी ने गाली गलौंच से मारपीट की तो आरोपी ने चंद्रमोहन के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

# घरों के आगे भर रहा पानी, मच्छर और गंदगी से परेशान महिलाएं पहुंची नपा

**गुना, देशबन्धु।** शहर के वार्ड क्रमांक 20 बरवटपुरा क्षेत्र की करीब एक दर्जन महिलाएं मंगलवार को नगरपालिका कार्यालय पहुंची। यहां उन्होंने सीएमओ को आवेदन देकर अपने घरों के सामने हो रहे जलभराव की शिकायत की। सीएमओ ने महिलाओं को आश्वासन दिया है कि वे टीम भेजकर जांच कराएंगे। शिकायत लेकर पहुंची महिलाओं ने किसी राठौर के नाम का जिक्र करते हुए बताया कि उसके द्वारा बरवटपुरा में



बाउंड्री का निर्माण कराया गया है। जिसकी वजह से करीब तीन गलियों में पानी की निकासी नहीं हो रही है और घरों के पास गंदा पानी जमा हो रहा है। बच्चों को स्कूल पढने् तक काफी घूमकर जाना पड़ रहा है। वहीं गंदे पानी में मच्छर पनपने से बीमारियों के फैलने का डर बना हुआ है। महिलाओं के मुताबिक वे पूर्व में भी इसकी शिकायत कर चुकी हैं। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है। वे चार-पांच महिने से परेशान हैं।

# सडक़ किनारे बाईक खड़ी कर भैंसों को लेने गए युवक की गाड़ी चोरी

**गुना, देशबन्धु।** रोड किनारे मोटर सायकिल खड़ी कर खेत में भैंसों को लेने गए एक व्यक्ति की मोटर सायकिल चंद मिनटों में चोरी हो गई। मामला जिले के धरनावदा थानांतर्गत चूनाभट्टी का है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी ताहिर खान ने बताया कि गत दिवस शाम को अपनी मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 08 एमडब्ल्यू 3547 को पगारा टोल टैक्स के पास रोड किनारे खड़ी करके खेत पर चर रही भैंसों को लेने गया था। थोड़ी देर बाद जब वह वापस लौटा तो मोटर सायकिल गायब थी। जिसके ताहिर ने आसपास काफी तलाश किया, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोर पर धारा 379 के तहत मामला दर्ज किया है।

# सड़क मामले में फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**गुना, देशबन्धु।** कोतवाली पुलिस द्वारा एक्सीडेंट के मामले में फरार स्थाई वारंटी को दबोचा है। दरअसल आगामी विधानसभा चुनावों को मद्देनजर रखते हुए एसपी विजय कुमार खत्री द्वारा जिले में फरार वारंटियों, इनामी बदमाशों आदि सहित विभिन्न अपराधों में फरार आरोपियों की धरपकड हेतु अधीनस्थों को सख्त निर्देश दिए हैं। इसी सिलसिले में सीएसपी श्वेता गुप्ता के मार्गदर्शन में गुना कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव एवं उनकी टीम द्वारा गुना कोतवाली के अपराध क्रमांक 162/17 धारा 279, 337, 338 भादवि एवं न्यायालय गुना के प्रकरण क्रमांक 5164/17 में न्यायालयीन कार्यवाही से लंबे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी रामप्रकाश पुत्र हरिराम जाटव निवासी नानाखेड़ी गुना के संबंध में मंगलवार को मुखबिर से मिली सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करते हुये वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई में टीआई अनूप कुमार भार्गव, अमित तोमर, राजकुमार रघुवंशी, अतुल शर्मा एवं लक्ष्मण राव कदम की सराहनीय भूमिका रही है ।

इधर जिले की धरनावदा पुलिस द्वारा चोरी के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को अपराध क्रमांक 286/20 धारा 457, 380 भादवि एवं न्यायालय राघौगढ़ के प्रकरण क्रमांक 239/20 में न्यायालयीन कार्यवाही से लंबे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी छोटेलाल पुत्र रामचरण मोंगिया निवासी काशीनगर रूठियाई के संबंध में मंगलवार को मुखबिर से मिली सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करते फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।

# वन को गए राम, प्रजा ने नम आंखों से दी विदाई

**गुना, देशबन्धु।** सार्वजनिक श्री रामलीला एंव दशहरा पर्व समिति पुरानी गल्ला मंडी गुना के तत्वाधान में चल रही रामलीला के सातवें दिन की लीला में माता कौशल्या और महाराज दशरथ जी से आज्ञा लेकर राम लक्ष्मण और माता सीता रथ में बैठ कर वन को जाते हैं।



तब अयोध्यावासी पुरजन राम के साथ हो लेते हैं। तब प्रभु योगमाया से सबको निद्रा में सुलाकर खोज मार कर रथ की श्रगवेर पुर पहुंचते हैं। यहां निषादराज गुह भेंट लेकर रामजी के स्वागत करते हैं और कहते है कि जो राजमहल रहने वाले आज वन में कैसे रह पाएंगे विधाता की गति जानी नहीं जाती। तब निशाद राज और लक्ष्मण संबाद सुमंत संवाद की लीला मंचन किया गया।

# निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरश: करें पालन

**गुना, देशबन्धु।** कलेक्टर तरूण राठी की अध्यक्षता जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में समय-सीमा बैठक का आयोजन किया जायेगा। बैठक में जिपं सीईओ प्रथम कौशिक सहित समस्त जिला अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सर्वप्रथम लंबित समय सीमा पत्रों की बिंदुवार समीक्षा की गयी और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान बैठक में उपस्थित सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया? कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरश- पालन किया जावे और आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए कार्य करें। ऐसे कार्य जो पूर्व से चल रहे हैं उन्हें जारी रखा जाये, नवीन कार्य प्रारंभ न करें। सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया गया कि वरिष्ठ कार्यालय/आयोगों से प्राप्त पत्राचार के दौरान प्रतिलिपि नियमानुसार भेजी जावे। जनसुनवाई से संबंधित पत्रों के निराकरण की प्रतिलिपि अनावश्यक रूप से न भेजी जाये। अंतिम निराकरण होने पर ही पत्रों की प्रतिलिपि विभाग प्रमुख इस कार्यालय को भेजें।

बैठक के दौरान लंबित पेंशन प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की गयी और पेंशन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि पेंशन के लंबित न्यायालयीन प्रकरण एवं जिला स्तर पर लंबित पेंशन प्रकरणों की सूची पृथक-पृथक कर समीक्षा बैठक में रखी जावे एवं सभी विभाग प्रमुख यह सुनिश्चित करें कि 31 अक्टूबर को सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों के पेंशन के प्रकरण समय पूर्व तैयार किये जावे।

विधानसभा निर्वाचन 2023 से संबंधित नोडल अधिकारियों को जो जिम्मेदारी दी गयी है उन कार्यो की चैक लिस्ट तैयार करें और दो पेज का प्लान तैयार कर कल 3 बजे तक प्रस्तुत करें, इसकी प्रगति की समीक्षा की जावेगी। ईव्हीएम स्ट्रांग रूम तैयार करने से सबंधि?त जिन विभागों को जो जिम्मेदारी दी गयी है, वह तत्काल कार्य पूर्ण करें। 18 अक्टूबर को सभी सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण रखा गया है, इस दौरान सभी सेक्टर अधिकारी प्रशिक्षण के दौरान ईव्हीएम के संचालन का अभ्यास आवश्यक रूप से करें। सभी को ईव्हीएम का कनेक्शन करना आना चाहिये।

बैठक के दौरान एएमएफ के प्रगति की समीक्षा की गयी। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी एवं डीपीसी को निर्देशित किया गया कि सभी मुख्य मतदान केंद्रों की पुताई एवं रेम्प एवं शौचालय से संबंधित मरम्मत का कार्य समय-सीमा में कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार मतदान केद्रों पर पानी की व्यवस्था के लिए ऐसे मतदान केंद्र जहां पर नल जल योजना हैं वहां लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी तथा अन्य मतदान केंद्रों पर ग्रामीण क्षेत्र में जनपद सीईओ तथा शहरी क्षेत्र में सीएमओ सभी मूलभूत सुविधाएं कराना सुनिश्चित करें। ऐसे मतदान केंद्र जहां पर स्थायी विद्युत की व्यवस्था नही है वहां बिजली की अस्थाई व्यवस्था हेतु एमपीईबी के अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

### अवैध शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**गुना, देशबन्धु।** जिले की विजयपुर थाना पुलिस द्वारा बेलका रोड ग्राम डोंगर के डेम के पास से एक महिला को पांच लीटर अवैध शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बेलका रोड ग्राम डोंगर के डेम के पास एक महिला हाथ भट्टी से बनी अवैध लिए बेचने की फिराक में बैठी है। उक्त सूचना पर पुलिस द्वारा मौके पर दबिश दी गई। यहां पेड़ के नीचे बैठी महिला को देखकर भागने की कोशिश करने लगी। जिसे महिला पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा। जिसने पूछताछ में अपना नाम मोरबाई पत्नी श्रीप्रसाद कंजर निवासी डोंगर पठार बताया। जिसके पास से केन में पांच लीटर अवैध शराब पुलिस ने जप्त कर गिरफ्तार किया। पुलिस ने महिला पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# कस्तूरबा कॉलेज में शुरू हुआ तीन दिवसीय युवा महोत्सव



**गुना, देशबन्धु।** शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय में महाविद्यालय तीन दिवसीय युवा उत्सव का प्रारंभ हुआ। सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ. विनीता जैन द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया।

उन्होंने प्रतिभागी छात्राओं को अपना आशीर्वाद और शुभकामनाएं प्रेषित की। युवा उत्सव प्रभारी डॉ. पूनम पारीक ने तीन दिवसीय प्रतियोगिताओ का पूरा विवरण दिया गया। आज रंगोली, एकल गायन सुगम, समूह गायन भारतीय, एकल गायन पाश्चात्य, समुह गायन पाश्चात्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। निर्णायक मंडल में प्रीति यादव, कीर्ति सोनी एवं आशा बाथम रही।

कार्यक्रम का संचालन पूनम पारीक एवं आभार श्रीमती सोनू सिसोदिया ने किया। कार्यक्रम में के वी बुनकर, केके नंदा, अनूप श्रीवास्तव, प्रशांत आर्य, डॉ.दिवाकर तिवारी, जावेद अली एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

# कलेक्टर-एसपी ने जिला जेल का किया निरीक्षण



**सीहोर, देशबन्धु।** कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह तथा पुलिस अधीक्षक श्री मयंक अवस्थी ने जिला जेल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बंदियों के बैरक, कारखाना सहित जेल परिसर का निरीक्षण किया।

उन्होंने कारखाने में बंदियों द्वारा बनाए जा रहे फर्नीचर को देखा और बंदियो से चर्चा भी की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी बैरकों की तलाशी कराई। तलाशी के दौरान किसी भी बैरक में कोई प्रतिबंधित सामग्री नही पाई गई।

कलेक्टर श्री सिंह तथा एसपी श्री अवस्थी ने जेल कार्यालय के रिकॉर्ड का अवलोकन किया। उन्होंने जेल की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा सुरक्षा के संबंध में किए गए प्रबंधों की जेल अधीक्षक ज्योति तिवारी से विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने जेल के समस्त स्टाफ को जेल विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने जेल परिसर में साफ-सफाई, किचन तथा खाद्य सामग्री का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएसपी श्री निरंजन सिंह राजपूत, टीआई श्री जगदीश सिंह सिद्धु उपस्थित थे।

### आयशर ने मारी वाहन को टक्क र,वाहन क्षतिग्रस्त

**आष्टा, देशबन्धु।** नगर थाना अंतर्गत कार को आयशर चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर टक्कर मार दी। जिससे वो घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि फरियादी अमजद खान पिता फखरूद्दीन खान निवासी डोराबाद कार क्रमांक एमपी 11 सीसी 7144 से अलीपुर से घर आ रहे थे। तभी भोपाल नाके के पास आयशर ट्रक कमांक एमपी 13 सीबी 6138 के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर टक्कर मार दी। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। और हजारो रूपये का नुकसान हो गया।

पुलिस ने वाहन चालक के विरूद्ध विभिन्न धाराओ के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया।

# परीक्षा देने के बावजूद नौकरी से वंचित बेरोजगारों को जागृत करने अनोखा प्रयास

**गुना, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में 150 से ज्यादा सीटें जीतने का दावा कर रही कांग्रेस चुनाव प्रचार के लिए अनोखे तरीके अपना रही है। इसके लिए उन कम्पनियों से मिलते-जुलते प्रचार बैनर और पोस्टर भी बनाए गए हैं, जो लोगों को कम दम या अधिक कमीशन में घर बैठकर सुविधाएं देने का वादा करती हैं। उसी तर्ज पर कांग्रेस की यूथ इकाई दावा कर रही है कि सीएम शिवराज सिंह चौहान ने 50 प्रतिशत कमीशन और भारी भ्रष्टाचार के साथ सरकार चलाई है। विधानसभा चुनाव में प्रचार-प्रसार का सिलसिला शुरु करते हुए युवक कांग्रेस के कई नेताओं ने गुना जिले का दौरा किया। यूथ कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि जिस तरह कर्नाटक में बेहतरीन प्रचार-प्रसार के जरिए तत्कालीन भाजपा सरकार के काले कारनामे उजागर किए गए थे उसी अंदाज में कांग्रेस मध्यप्रदेश के भीतर प्रचार-प्रसार कर रही है। कर्नाटक में भी भ्रष्टाचार बड़ा मुद्दा था और वहां भी 40 से 50 प्रतिशत कमीशन खूब चर्चाओं में रहा था।



यूथ कांग्रेस के मुताबिक मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार ने भी इसी आधार पर अपना कामकाज किया है। प्रदेश में 50 प्रतिशत कमीशन लेने ठेके दिए गए। वहीं पटवारी सहित अन्य भर्ती परीक्षाओं में 10 से 15 लाख रुपए लेकर घर बैठे नौकरी दी गई।

इसीलिए घर बैठे सेवाएं देने वाले कम्पनियों से मिलते-जुलते पोस्टर मामाजोन और मामाटो लॉन्च किए गए हैं। इन पोस्टरों के प्रिंट आउट कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दिए जाते हैं। ताकि जनता को भाजपा सरकार का भ्रष्टाचार आसानी से समझ आ सके। युवक कांग्रेस के स्टेट कोऑर्डिनेटर वासुदेव शास्त्री एवं जिला अध्यक्ष प्रमोद रघुवंशी के मुताबिक कुछ ही दिनों में यह पोस्टर जिले की चारों विधानसभा में पहुंचा दिए जाएंगे।

# अवैध रूप से सेमल की लकड़ी ले जाते हुए ट्रैक्टर ट्राली जब्त



**आष्टा, देशबन्धु।** आचार संहिता के चलते प्रशासन के साथ साथ वन विभाग की टीम भी एसडीओ राजेश शर्मा के मार्गदर्शन मे बनाई गई टीम के रेंजर राजेश चौहान द्वारा लगातार सक्रियता के साथ चलाई जा रही मुहीम के कारण वन माफियाओ पर काफी हद तक विराम लगा है। शाम के समय में कोठरी से आष्टा की ओर आ रहा ट्रैक्टर ट्राली जिसमे सेमल की लकड़ी भरी हुई थी। आरोपी उसे पन्नी से ढांककर लाया था। लेकिन विभाग की टीम के सामने आरोपी की चालाकी धरी की धरी रह गई। जैसे ही बरसाती को हटाकर चेक किया तो कीमती लकड़ी सेमल की मिली। जिसको पकडकर वन विभाग लाया गया।

रेंजर राजेश चौहान ने बताया कि टीम सभी दिशाओ पर गश्त कर वन माफियाओ के खिलाफ अभियान चला रहे है। किलेरामा के पास ट्रैक्टर ट्राली से सेमल की लकड़ी जब्त की है। जो कि एचएमटी 2240 बिना नंबर का है। आरोपी शफीक शाह पिता शब्बीर शाह के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

ट्रैक्टर ट्राली एंव लकड़ी की कीमत 3 लाख से अधिक आंकी गई इस महंत्वपूर्ण सफलता मे रेंजर राजेश चौहान वनरक्षक जितेंद्र ठाकुर सीताराम परमार, घनश्याम पांडे महेश परमार आदि वनकर्मियो की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### गरीबो के चावल पर डाका डालने वाले दो आरोपियों पर प्रकरण दर्ज

**आष्टा, देशबन्धु।** इन दिनो मंडी प्रशासन की लापरवाही के चलते मंडी के बाहर एवं कन्नौद रोड अलीपुर सहित एक दर्जन से अधिक जगह पर बिचौलियो द्वारा किसानो को गुमराह कर उनकी मेहनत की कमाई से पैदा की गई फसल को हर तरह से खुलेआम लूटा जा रहा है। अब तो हद यह हो गई कि गरीबो को शासन द्वारा दिया जा रहे अनाजो पर भी अधिकारीयो की मिलीभगत से डकारा जा रहा है। सोमवार को सोसाइटी से वितरित होने वाला गरीबो के हक का चावल को ब्लैक में बेचा जा रहा था। तभी पार्वति थाना प्रभारी कृष्णपाल शुक्ला की सक्रियता से आरोपी की मंशा पर पानी फिर गया। पुलिस ने वाहन क्रमांक एमपी 09 जीएच 2408 जब्त किया। वही खाद्य अधिकारी मौके पर कार्यवाही की। वही आरोपी के ठिकाने पर भी खाद्य विभाग ने लंबे समय तक जाचं की । खाद्य अधिकारी रेशमा भामरे ने बताया कि आरोपी मेहबूब खां एवं वाहनचालक कमल के खिलाफ खाद्य अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया। खाद्य अधिकारी ने बताया कि जांच की जा रही है कि उक्त चावल कहां से आया। और कहां जा रहा था। और इसमे कौन कौन लिप्त है। इसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियो पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# मतदाता जागरूक अभियान का हस्ताक्षर कर किया शुभारंभ

***आष्टा, देशबन्धु।*** *शहीद भगत सिंह स्नातक महाविद्यालय में स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं इसी के अंतर्गत आज महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिलाधीश प्रवीण सिंह ने सर्वप्रथम हस्ताक्षर करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी आनंद राजावत भी उपस्थित रहे इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर पुष्पलता मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें स्वयं जागरूक होकर अपने आसपास के लोगों अपने समाज के लोगों को भी जागरूक करना है जिससे सभी यह समझ सके कि मतदान करना प्रत्येक व्यक्ति के लिए अत्यंत आवश्यक है इस अवसर पर कैंपस एंबेसडर डॉ ललिता राय श्रीवास्तव ने कहा कि मतदाता जागरूकता के अंतर्गत महाविद्यालय में मेहंदी रंगोली पोस्टर निर्माण सेल्फी प्वाइंट आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के लोगों को जागरूक करना है जिससे कि वह अपना मत अवश्य दें उनको मतदान के लाभों से भी अवगत कराया जिससे कि वह मत का महत्व समझ सके एवं आवश्यक रूप से मतदान करें इस अवसर पर बी.ई.ओ. अजब सिंह राजपूत, अनिल श्रीवास्तव सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।*



# कई रूपों में विराजीं मां दुर्गा, भक्तिमय हुआ शहर

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी भोपाल में शक्ति का 9 दिवसीय नवरात्रि का पावन पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। पर्व को लेकर भक्तों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। इस दौरान जगह-जगह दुर्गा पूजा के पंडाल लगाए गए हैं। इनमें माता की आकर्षक प्रतिमाओं के साथ ही विभिन्न प्रसंगों पर आधारित झांकियां भी स्थापित की गई है। इन्हें देखने के लिए देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लग रहा है। इस दौरान झांकी स्थलों के साथ ही सड़कों पर माता के जयकारें गूंज रहे है।

नवरात्र पर्व के चलते शहर के लिली टॉकीज जहांगीराबाद में नवदुर्गा उत्सव समिति ने झांकी में पहले मां दुर्गा की सुंदर प्रतिमा विराजित की। वहीं दूसरे भाग में भगवान श्री राम और रावण का युद्ध चलित झांकी के माध्यम से दिखाया है, जिसे देखने आसपास से सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। एमपी नगर जोन-2 चेतक कॉम्प्लेक्स में इस बार माता की 14 फीट की प्रतिमा स्थापित की गई है। वहीं शहर के 1250 अर्जुन नगर में इस बार पंडाल को खास तौर पर तिरंगे की थीम पर सजाया गया है। साकेत नगर, सेक्टर 9क्कस्थित केशव बाल उद्यान परिसर में सीनियर सिटीजंस द्वारा माता की मनमोहक प्रतिमा विराजमान की गई।



## गायत्री परिवार ने किया दीप यज्ञ का आयोजन

उधर श्रद्धलुओं को धर्म और संस्कृति से जोड़ने के लिए मंदिरों और झांकी स्थलों पर विभिन्न आयोजन भी किए जा रहे है। इसी कड़ी में। अमरावत खुर्द स्थित गैलेक्सी सिटी में सजे माता के पंडाल में गायत्री प्रज्ञा पीठ परिवार ने दीप यज्ञ का आयोजन किया। प्रज्ञा पीठ परिवार के सदस्य केडी शर्मा के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। इन्होंने थाली में पांच-पांच दीपक सजाकर माता चंद्रघंटा की आरती की। इसके बार चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे शामिल हुए। अयोध्यानगर की गणपति होम्स कॉलोनी में विराजमान माता दुर्गा की मंगलवार को महाआरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इसके बाद रुद्राक्ष देवी जागरण ग्रुप ने माता का जगराता किया। माता के भजनों से माहौल भक्तिमय हो गया।

# बैंकों कर्मियों की चुनाव में ड्यूटी लगी, ले रहे प्रशिक्षण




## शाखाओं में तालाबंदी जैसी नौबत, सूचना चस्पा की

**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में भोपाल की विभिन्न बैंकों के करीब 2 हजार कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई हैं। इन कर्मचारियों को फिलहाल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लेकिन इनके प्रशिक्षणमें व्यस्त होने से कई बैंक शाखाओं में तालाबंदी जैसी नौबत है और यहां कार्य नहीं हो पाएंगे जैसी जानकारी भी चस्पा की गई है।

दरअसल प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेजी से चल रहीं हैं। चुनाव में ड्यूटी निभाने वाले सरकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें बैंककर्मियों को भी शामिल किया गया है। इन्हें शहर के 7 केन्द्रों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लेकिन बैंकों कर्मचारियों के प्रशिक्षण में व्यस्त होने से कई बैंक शाखाओं में कामकाम में असर पड़ रहा है। बैंकों की जिन शाखाओं में 10 से 15 अधिकारी-कर्मचारियों का स्टॉफ हैं, वहां पांच-छह कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ऐसे में यह शाखाएं चालू हालत में ही है, लेकिन परेशानी उन शाखाओं को लेकर है, जहां 5-6 लोगों का ही स्टॉफ है और सभी की ड्यूटी लगा दी गई है। ऐसे में इन शाखाओं में कामकाज प्रभावित हो रहा है। कोलार, विदिशा रोड, करोंद, नरेला संकरी, एमपी नगर, रायसेन रोड, कोकता, अवधपुरी, अयोध्या बायपास आदि स्थानों की कई छोटी शाखाओं में यह परेशानी सामने आ रही है। चुनाव में जिन बैंकों के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, उनमें कैनरा बैंक के 222, पीएनबी के 184, सेंट्रल बैंक 206, बैंक ऑफि इंडिया के 206, बैंक ऑफ बड़ौदा के 2 सौ, इंडियन ओवरसीज बैंक के 50 और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के करीब 5 सौ कर्मचारी शामिल हैं। यूनियन बैंक, इंडियन बैंक, यूको बैंक के कर्मचारियों की ड्यूटी फिलहाल नहीं लगी है।

## मतदान के दौरान होगी ज्यादा परेशानी, लिखा पत्र

बैंकों की शाखाओं के पूरे स्टॉफ की ड्यूटी चुनाव में लगाए जाने से सबसे ज्यादा परेशानी मतदान के दौरान होगी। चूंकि 17 अक्टूबर को मतदान होना है, लेकिन कर्मचारियों को एक दिन पहले ही सामग्री लेकर मतदान केंद्रों पर पहुंचना होगा, जबकि 17 अक्टूबर को मतदान कराकर देर रात तक वे वापस लौटेंगे। ऐसे में 18 अक्टूबर को भी कामकाज नहीं हो सकेगा। 19 अक्टूबर को रविवार होने से छुट्टी है। इस कारण 16 से 19 अक्टूबर तक चार दिन कामकाम में असर पड़ेगा और ग्राहकों को असुविधा होगी। इस संबंध में स्टेट लेवल बैंकर्स कमेटी (एसएलबीसी) ने चुनाव आयोग को पत्र भी लिखा है। इसमें लिखा है कि अधिकांश बैंककर्मियों की ड्यूटी लगने से बैंकें लगातार 4 दिन तक पूरी तरह से बंद रह सकती है। ऐसे में ग्राहकों को असुविधा होगी। इसलिए अनुरोध है कि कुछ रियायत दी जाए।

## धान उपार्जन हेतु पंजीयन 20 तक

**भोपाल, देशबन्धु।** जिला आपूर्ति नियंत्रक सुश्री मीना मालाकार ने बताया कि जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान पंजीयन के लिए अंतिम तिथि 15 अक्टूबर नियत की गई थी, पंजीयन से शेष रहे किसानों द्वारा पंजीयन कराने के लिए पंजीयन तिथि में वृद्धि कर अंतिम तिथि 20 अक्टूबर तक बढ़ाई है। किसान 20 अक्टूबर तक स्वयं के मोबाईल अथवा कम्प्यूटर, ग्राम पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, सहकारी समिति पर नि:शुल्क पंजीयन तथा एमपीऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्रों पर निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित सायबर कैफे पर 50 रूपये का शुल्क जमा करवाकर धान का पंजीयन करवा सकते हैं।

## आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर

**भोपाल, देशबन्धु।** मानव संसाधन विकास मंत्रालय उच्च शिक्षा विभाग भारत सरकार द्वारा प्रायेजित एवं माध्यमिक शिक्षा मण्डल के माध्यम से महाविद्यालयीन एवं विश्वविद्यालयीन विद्यार्थियों को वितरित की जाने वाली सेन्ट्रल सेक्टर स्कीम ऑफ स्कॉलरशिप फॉर कॉलेज एण्ड यूनिवर्सिटीज स्टुडेण्ट की नवीन एवं नवीनीकरण छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर निर्धारित की गयी है।

# मौसम का बदला मिजाज, खंडवा में ढाई सेमी बारिश

## दतिया में रात का पारा 18 डिग्री पर

***भोपाल, देशबन्धु।*** *अलग-अलग स्थानों पर बने चार मौसमी सिस्टमों के असर से वातावरण में नमी आ रही है। इस वजह से बादल छाने लगे हैं। इससे जहां दिन के तापमान में गिरावट हो रही है, वहीं कहीं-कहीं हल्की वर्षा भी हो रही है।*

*मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पाकिस्तान के आसपास बना हुआ है। इसके प्रभाव से उत्तरी हरियाणा पर भी एक प्रेरित चक्रवात बना हुआ है। वहीं दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान पर भी हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। इसके अतिरक्त मध्य महाराष्ट्र पर एक प्रति चक्रवात बना हुआ है। अलग-अलग स्थानों पर बने इन मौसमी सिस्टमों के असर से हवाओं के साथ नमी आ रही है। इस वजह से बादल छा रहे हैं। बादल छाने के कारण जहां दिन के तापमान में गिरावट हो रही है, वहां रात के समय हवा का रुख उत्तरी होने से रात के तापमान में भी गिरावट दर्ज हुई है। मंगलवार को प्रदेश में रात का सबसे कम 18 डिग्री सेल्सियस तापमान दतिया में दर्ज किया गया। वहीं राजधानी में न्यूनतम तापमान 19. 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस कम रहा। साथ ही यह सोमवार के न्यूनतम तापमान 22.5 डिग्री सेल्सियस की तुलना में 3.7 डिग्री सेल्सियस कम रहा। वहीं कहीं-कहीं हल्की वर्षा भी हो रही है। पिछले 24 घंटों के दौरान खंडवा में 25, शिवपुरी में पांच, रीवा में 3.2, नर्मदापुरम में 2.6, दमोह में एक, ग्वालियर में 0.6 मिलीमीटर वर्षा हुई। दतिया में बूंदाबांदी दर्ज की गई। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक इस तरह की स्थित बुधवार को भी बनी रह सकती है। इस दौरान ग्वालियर, चंबल, सागर, जबलपुर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। वहीं राजधानी सहित प्रदेश के शेष क्षेत्रों में आंशिक बादल बने रहेंगे। साथ ही बूंदाबांदी होने की भी संभावना है। उसके बाद रात के तापमान में और गिरावट आने के आसार हैं।*

# संपत्ति विरूपण के खिलाफ अभियान जारी, 2 प्रकरण दर्ज

**भोपाल, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लगने के बाद निर्वाचन आयोग के निर्देश पर शहर में संपत्ति विरुपण के खिलाफ अभियान जारी है। इसके तहत नगर निगम द्वारा शहर भर से बैनर-पोस्टर को हटाने का काम किया जा रहा है। वहीं अब पुलिस भी इस दिशा में ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में बागसेवनिया पुलिस ने भी इसकी शुरुआत कर दी है। पुलिस ने उन लोगों की घेराबंदी की है, जिनके पोस्टर या होर्डिंग शासकीय संपत्ति पर लगे हुए थे। उनके बारे में जानकारी जुटाकर पुलिस ने उनके मालिक पर संपत्ति विरूपण की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। बागसेवनिया इलाके में शासकीय संपत्तियों पर लगे विज्ञापन करते पोस्टर, होर्डिंग को हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस को दो ऐसे पोस्टर,होर्डिंग के बारे में जानकारी मिली, जो विज्ञापन कर रहे थे और उनको शासकीय संपत्ति पर लगाया गया था। इस पर पुलिस ने ब्यूटी पार्लर की संचालित मीना इंगले और होटल के मैनेजर विकास पांडे संपत्ति विरूपण की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

# 108 एंबुलेंस सेवा में नौकरी देने के नाम पर बीएएमएस चिकित्सक से ठगी




**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश की 108 एंबुलेंस सेवा में नौकरी देने के नाम पर बेरोजगार युवाओं से ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। अब तक मिसरोद थाना पुलिस द्वारा प्रदेश में यह सेवाएं देने वाली जय अंबे इमरजेंसी सर्विस प्रालि कंपनी के पदाधिकारियों पर तीन प्रकरण दर्ज किए गए हैं। ताजा मामला बीएएमएस चिकित्सक के साथ ठगी का सामने आया है। इससे पहले भी दो प्रकरण दर्ज किया गया है। इन तीनों मामलों में खास बात यह है कि पुलिस ने फरियादियों के आवेदन पर प्रकरण दर्ज नहीं किए थे और न्यायालय के निर्देश पर प्रकरण दर्ज किए तो आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर रही है।

मिसरोद थाना पुलिस ने बताया कि 108 एंबुलेंस सेवा के संचालक का काम जय अंबे कंपनी के पास है। यह काम मिलने के बाद जय अंबे इमरजेंसी सर्विस के पदाधिकारियों ने दिसंबर 2021 में कंपनी ने नौकरी के लिए विज्ञापन जारी किया। उस समय प्रियंका नगर कोलार निवासी बीएएमएस चिकित्सक नृपेंद्र मिश्रा जिन्होंने हैदराबाद से इमरजेंसी तकनीशियन का डिप्लोमा किया हुआ था। वे वर्ष 2009 से वह लगातार 108 सेवा में तकनीशियन के पद पर काम कर रहे थे। इसी पर कैपिटल माल मिसरोद स्थित जय अम्बे इमरजेंसी सर्विस के अधिकारियों ने उन्हें दोबारा प्रशिक्षण लेकर काम करने देने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने प्रशिक्षण शुल्क के नाम पर उनसे 11 हजार 500 रुपये का डीडी जमा करा लिया। लेकिन बाद में नियुक्ति पत्र नहीं दिया। जबकि नृपेंद्र मिश्रा के पास 108 सेवा में काम करने का पुराना अनुभव होने के साथ ही उन्होंने एडवांस लाइफ सर्पोट का प्रशिक्षण भी ले रखाहै। जब उन्हें दोबारा नौकरी पर नहीं रखा गया तो तंग आकर उन्होंने पुलिस में लिखित शिकायत की । इस शिकायत पर पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने पर उन्होंने न्यायालय में परिवाद लगाया था। न्यायालय द्वारा सोमवार को दिए आदेश पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। इससे पहले भी विजय सिंह कुशवाहा और रामस्वरूप परमार की शिकायत के बाद न्यायालय के आदेश पर मिसरोद थाना पुलिस जय अंबे कंपनी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर चुकी है। लेकिन अभी भी मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं की गई है।

## उपभोक्ताओं को त्वरित मिलेगा नया बिजली कनेक्शन

**भोपाल, देशबन्धु।** विद्युत कंपनी निम्नदाब घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को सरल संयोजन पोर्टल विधिवत आवेदन के बाद अतिशीघ्र नवीन बिजली कनेक्शन उपलब्ध करा रही है। इस पोर्टल के माध्यम से कंपनी द्वारा आवेदकों को समस्त प्रक्रियाएं पूर्ण कर आवश्यक दस्तावेजों सहित नये बिजली कनेक्शन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के 24 घंटे के भीतर ही नया बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया जाता है। विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक गणेश शंकर मिश्रा ने बताया है कि बिजली उपभोक्ताओं को नया बिजली कनेक्शन सुगमता से मिलें, इसके लिए कंपनी द्वारा नवीन पोर्टल सरल संयोजन पोर्टल का क्रियान्वयन शुरू कर विधिवत पूर्ण आवेदन पर बहुत ही कम समय में नवीन कनेक्शन उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि अब उपभोक्ताओं को नवीन कनेक्शन के आवेदन के लिए सभी जरूरी जानकारी भरने के साथ ही डिमांड नोट का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद अनुबंध की शर्तें दिखाई देंगी, जिन्हें स्वीकार करने पर पोर्टल में स्वत: ही अनुबंध क्रियान्वित हो जाएगा।

# कलेक्टर ने दिए दिव्यांगजनों को सुगम मतदान के लिए व्यवस्था करने के निर्देश

**भोपाल, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने बैरसिया, उत्तर, नरेला, दक्षिण पश्चिम, मध्य, गोविन्दपुरा, विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत फंदा, बैरसिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका बैरसिया को निर्देश दिए हैं कि आगामी विधान सभा निर्वाचन के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) को सुगम मतदान अन्तर्गत मतदान केन्द्र पर आवश्यक सुविधायें उपलब्ध करवाए।

कलेक्टर ने निर्देश दिए है कि विकासखण्ड स्तर पर ऐसे मतदान केन्द्रों का चयन किया जाये जहाँ दिव्यांगजनों को सुगमता से मतदान करने के लिये विशेष व्यवस्थायें करने की आवश्यकता है। मतदान केन्द्रों में स्वयं सेवा संस्थाओं तथा अन्य इच्छुक व्यक्तियों के सहयोग से मतदाताओं के लिये व्हीलचेयर, वॉकर की सुविधा उपलब्ध कराई जाये। विगत निर्वाचन में व्हीलचेयर, वॉकर की व्यवस्था की गई थी। इन उपकरणों का पुन: आंकलन कर सुधार कार्य अथवा नवीन उपकरणों का क्रय किया जाये। इसके लिये मतदान केन्द्रवार ग्राम पंचायत, वार्डवार कार्यवार कार्ययोजना तैयार की जाये । निर्वाचन आयोग के सामान्य निर्देशों के अध्याधीन दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों को मतदान केन्द्र तक ले जाने की व्यवस्था स्वयंसेवी व्यक्तियों के माध्यम से की जाती है । ऐसे मतदान केन्द्र जहाँ रैम्प नहीं है, वहाँ अस्थाई, स्थाई रैम्प की व्यवस्था की जाए। निर्वाचन आयोग के निर्देश है कि समस्त मतदान केन्द्रों पर यथा संभव स्थाई रैम्प बनवाये जायें ।

### स्क्रीनिंग कमेटी गठित

उधर श्री सिंह ने जिले के शस्त्र धारकों की समीक्षा और मूल्यांकन तथा कार्यवाही के लिये स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया। कमेटी में नगरीय क्षेत्र के लिए पुलिस कमिश्नर नगरीय भोपाल अध्यक्ष एवं अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर नगरीय (प्रशासन) भोपाल सदस्य होगें एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए जिला दण्डाधिकारी भोपाल अध्यक्ष एवं उप महानिरीक्षक पुलिस ग्रामीण भोपाल सदस्य होगें। स्क्रीनिंग कमेटी सभी हथियार लायसेंसों की स्क्रीनिंग का काम पूरा करेंगी।

# अंतिम अभ्यास में 2 हजार लोगों ने किया गरबा



**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** सिंधी मेला समिति द्वारा पिछले 25 दिन से चल रहे गरबा प्रशिक्षण का अंतिम अभ्यास मंगलवार को सुंदरवन गार्डन में हुआ ।

सांस्कृतिक सिंधी गरबा महोत्सव आयोजन स्थल पर किए गए इस अंतिम अभ्यास में प्रतिभागी पूरे जोश व उत्साह में गरबा व डांडिया करते हुए नज़र आये, जैसे जैसे म्यूजिक ध्वनि तेज होती गई वैसे वैसे अभ्यास में तेज़ी आती गई, गरबा के बाद डांडिया के साथ इस सांस्कृतिक गरबे का अभ्यास संपन्न हुआ। सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी ने बताया कि मंगलवार को सुंदरवन गार्डन में इस एक दिवसीय अभ्यास का आयोजन किया गया था, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने इस पल का जमकर लुत्फ उठाया। बुधवार को शाम सात बजे से इस सांस्कृतिक सिंधी गरबे का 4 दिवसीय मुख्य समारोह आयोजित किया जा रहा है जिसमें खान-पान के बच्चों के लिए झूले भी शामिल किए गये है। साथ ही इस गरबे में मंच की विद्युत सजावट भी आकर्षण का केन्द्र रहेगी। साथ की समारोह के प्रथम दिन पर टीवी धारावाहिक के कलाकार सुमेद मुदेलकर भगवान श्री कृष्ण के रूप में गरबा स्थल पर में कृष्ण की लीलायें करते हुए दिखाई देंगे।



# कार्यालय नगर पालिक निगम, सागर

क्र./नामा. शा./न.नि./2023/41 सागर दिनांक 17/10/2023

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सागर सीमान्तर्गत नीचे दिये गये भवन/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी लिखित आपत्ति सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अंदर आयुक्त, नगर पालिक के सागर नाम पर प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्र. | प्र.क्र. | वार्ड का नाम भवन/प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/वसीयतनामा/ दानदाता/वंशानुक्रम | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 841/23-24 | लाजपतपुरा | रजि. बैनामा, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र | स्व. इस्लाम ऊर्फ कल्लू वल्द खुमान | अब्दुल मजीद, रशीद, मुह.जाफर, शेख मुबीन वल्द स्व. शेख कल्लू ऊर्फ शेख इस्लाम एवं मुह. फरीद, हबीब पिता स्व. मुह. हनीफ |
| 2. | 842/23-24 | वृन्दावन | मृत्यु प्रमाण-पत्र, शपथ पत्र, टैक्स रसीद | देवेन्द्र पिता जमना प्रसाद रजक | गीता रोहितास पिता बालचन्द अहिरवार |
| 3. | 843/23-24 | बल्लभनगर | मृत्यु प्रमाण-पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड | स्व. सुरेन्द्र पिता होतीलाल साहू | अनीता बेवा सुरेन्द्र एवं अंजलि, सान्या, अभिनव पिता स्व. सुरेन्द्र साहू |
| 4. | 844/23-24 | बल्लभनगर | मृत्यु प्रमाण-पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड | स्व. सुरेन्द्र पिता होतीलाल साहू | अनीता बेवा सुरेन्द्र एवं अंजलि, सान्या, अभिनव पिता स्व. सुरेन्द्र साहू |
| 5. | 845/23-24 | बल्लभनगर | मृत्यु प्रमाण-पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड | स्व. सुरेन्द्र पिता होतीलाल साहू | अनीता बेवा सुरेन्द्र एवं अंजलि, सान्या, अभिनव पिता स्व. सुरेन्द्र साहू |
| 6. | 846/23-24 | शास्त्री | मृत्यु प्रमाण-पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड | स्व. सुरेन्द्र पिता होतीलाल साहू | अनीता बेवा सुरेन्द्र एवं अंजलि, सान्या, अभिनव पिता स्व. सुरेन्द्र साहू |
| 7. | 847/23-24 | तिली | रजि. बैनामा, शपथ पत्र, आधार कार्ड | अमित पिता स्व. महेश शर्मा | शैलेन्द्र सिंह पिता महेन्द्र सिंह एवं विनीता पति शैलेन्द्र सिंह ठाकुर |
| 8. | 848/23-24 | इतवारी | रजि. बैनामा, शपथ पत्र, खसरा | अनिल पिता बाबूलाल जैन | रीतेश, रूपेश एवं रत्नेश पिता रमेश जैन |
| 9. | 849/23-24 | वृन्दावन | रजि. बैनामा, शपथ पत्र | विद्या पति मदन सोनी | संजय पिता स्व. केशव प्रसाद तिवारी |
| 10. | 850/23-24 | वृन्द्रावन | रजि. बैनामा, शपथ पत्र | विद्या पति मदन सोनी | संजय पिता स्व. केशव प्रसाद तिवारी |

कृते-आयुक्त, नगर पालिक निगम, सागर

## न्यायालय कमिश्नर फार वर्कमेंस कंपनसेशन श्रम न्यायालय बैतूल म.प्र.

प्रकरण क्रमांक 13/डब्ल्यू.सी.एक्ट फैटल/2023 विविध

**सूचना पत्र**

सर्वसंबंधित को इस सूचना पत्र के द्वारा सूचित किया जाता है कि मृतक **श्रीमती बेला पति डोमालाल ग्राम टूराबोरगांव** थाना-भैसदेही तह-आमला जिला बैतूल की दिनांक 09.06.2019 को कार्य के दौरान दुर्घटना घटित होने से उसकी मृत्यु हो गई फलस्वरुप अनावेदकगण की ओर से क्षतिधन राशि रुपये 917692/- (नौ लाख सत्रह हजार छ: सौ बानवे) मात्र जमा किया गया है।

उक्त क्षतिपूर्ति धनराशि आवंटन बावत् कार्यवाही हेतू श्रवण तिथि 20.12.2023 को सूचित किया जाता है कि स्वयं को जो कर्मकार प्रतिकर अधिनियम के तहत उक्त मृतक का आश्रित व उनकी मृत्यु के एवज में इस न्यायालय में जमा क्षतिधन पाने का अधिकारी हो तो, अपने साथ दो-दो अभिप्रमाणित फोटो, दो गवाह, राशन कार्ड व सेविंग खाता बैंक पासबुक की मूल व फोटो प्रति साथ लावे तथा आवेदन के साथ नियत पेशी तिथि **20.12.2023** को प्रात: 11 बजे प्रस्तुत करें।

प्रकरण में जमा क्षतिधन आवंटित ना करने बावत् स्थगन प्राप्त हो या किसी प्रकार से आपत्ति हो तो भी उक्त तिथि को पेश करें। उक्त श्रवण तिथि व्यतीत होने के पश्चात किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.10.2023 को न्यायालय की मुद्रा एवं हमारे हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया।

**शिवकुमार डावर**
**कमिश्नर फार वर्कमेंस कंपनसेशन बैतूल म.प्र.**

**मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कं. लि. रहली संभाग**
**कार्यालय का नाम कार्यपालन अभियंता ( सं ./सं.) संभाग रहली**
**फोन नंबर 07585292155 ई मेल ee9554700@ymail.com**
**बिजली आपूर्ति बंद रहने की सूचना**

बिजली लाईनों का आवश्यक मेन्टेनेन्स कार्य करने के लिए निम्नानुसार क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति बंद रखी जाएगी।

| आपूर्ति बंद रहने का दिनांक / दिन | समय | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र | संबंधित अधिकारी का नाम | मोबाईल नंबर |
|---|---|---|---|---|---|
| 19.10.2023 | सुबह 10: 00 से 04: 00 बजे तक | 132 केव्ही. उपकेन्द्र कॉसलपिपरिया रहली | 33 केव्ही.रहली, 33 केव्ही. छिरारी, 33 केव्ही. पटनाबुजुर्ग एवं 33 केव्ही बलेह फीडर | श्री राहूल शाह सहायक अभियंता | 9425613995 |

नोट- आवश्यकतानुसार उक्त समयावधि बढाई / घटाई जा सकती है।
'बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए 1912 डायल करें'
समय पर बिजली बिल जमा करें।

**कार्यपालन अभियंता (सं./सं.)**
**म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं. लि. संभाग रहली**

देशबन्धु

भोपाल, बुधवार 18 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## राहुल गांधी की मिजोरम यात्रा

अगले माह जिन 5 राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने जा रहे है, उनमें एक उत्तर-पूर्वी प्रदेश मिजोरम भी है। यहां 7 नवम्बर को यानी पहले ही चरण में मतदान होगा। 40 सीटों वाली यहां की विधानसभा में फिलहाल मिजो नेशनल फ्रंट की सरकार है। इसका चुनावी मुकाबला अब तक तो मुख्य विपक्षी दल जोराम पीपुल्स मूवमेंट के साथ माना जाता था लेकिन अब इन दोनों के मुकाबले कांग्रेस भारी दिखाई देने लगी है। अब तक कांग्रेस को तीसरे नंबर पर समझा जा रहा था लेकिन राहुल गांधी की मंगलवार को खत्म हुई दो दिवसीय मिजोरम यात्रा ने जो संकेत दिये हैं उससे अनुमान लगाये जाने लगे हैं कि 3 दिसम्बर को निकलने वाले चुनावी परिणाम सबको चौंका सकते हैं। वैसे राहुल की यह यात्रा राजनैतिक सन्दर्भों से कहीं बढ़कर है। चुनावी जीत-हार से भी परे और बहुत आगे।

मुख्यमंत्री जोरामथंगा के बारे में कहा जा रहा था कि 1998 और 2003 की तरह वे फिर से सतत दो बार यह पद धारण करने वाले सीएम बन सकते हैं। इसका कारण यह था कि पिछले चुनाव में कांग्रेस को, जो उस समय सत्तारुढ़ थी, केवल 7 की संख्या में सिमटकर रह गई थी। कहने को भाजपा ने एमएनएफ के साथ चुनाव पूर्व गठबन्धन किया था पर जब पिछले वक्त एमएनएफ को पूर्ण बहुमत मिल गया तो जोरामथंगा ने साफ कर दिया कि उन्हें भाजपा की जरूरत नहीं है। फिर भी भाजपा अपने को गठबन्धन का हिस्सा बतलाती रही। उसके हिस्से में एक ही सीट आई थी। अब की एमएनएफ के हमार पीपुल्स कन्वेंशन (रिफॉर्मेशन) से गठबन्धन कर लिया है। जोराम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) के 6 विधायक हैं। राहुल की यात्रा के पूर्व तक मिजोरम पर खास चर्चा नहीं होती थी। ज्यादातर राजनैतिक विश्लेषकों का पहले राजस्थान, मप्र व छत्तीसगढ़ पर चर्चा होता था। बाद में तेलंगाना पर भी होने लग गया था। मिजोरम चर्चा से बाहर ही था पर यहां राहुल ने जैसा मौसम बदला है, मिजोरम भी सियासी विमर्श का हिस्सा बन गया है।

वैसे मिजोरम में राहुल के पदार्पण का महत्व राजनैतिक चर्चा व समीकरण, चुनाव आदि से बढ़कर है। उत्तर-पूर्व में ही स्थित एक अन्य राज्य मणिपुर में पिछले दिनों हुए घटनाक्रम का असर अन्य छह राज्यों पर भी होता दिख रहा है। इनमें मिजोरम भी शामिल है। वैसे तो ज्यादातर उत्तर-पूर्वी राज्यों का मानस केन्द्र में आरुढ़ पार्टी के साथ जाने का होता है ताकि उनके विकास में बाधा न हो। भाजपा की इस हिस्से के कई राज्यों में पूर्ण बहुमत वाली या गठबन्धन की सरकारें है। मणिपुर की घटना के बाद यहां के राज्यों को समझ में आ गया है कि भाजपा का लक्ष्य यहां का विकास करना नहीं वरन अपनी विचारधारा को फैलाना है। प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण यह पूरा इलाका भाजपा के लिये आर्थिक दोहन के लिहाज से महत्वपूर्ण है। कई राज्यों में ईसाइयों की बहुलता भी उसकी आंखों में खटकती है। मणिपुर में मैतेई हिंदू आदिवासियों और ईसाई कुकी समुदाय के बीच पिछले कई माह से जारी संघर्षों ने जिस तरह से मणिपुर को जलाकर रख दिया है, उसने भी सभी राज्यों की आंखें खोलकर रख दी हैं। असम भी भाजपा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रयोगशाला बनी हुई है, वह भी ये सारे राज्य देख रहे हैं। यहां के लोगों को अब यह समझ में आने लगा है कि भाजपा-संघ द्वारा इन राज्यों में सायास अशांति का वातावरण बनाया जा रहा है। नफरत का जो ज़हर फैलाने की कोशिश भाजपा व केन्द्र सरकार कर रहे हैं, उसके विरुद्ध राहुल द्वारा शांति व प्रेम का पैगाम मिजोरम के नागरिकों को आकर्षित कर रहा है। आइजोल में सोमवार को तथा लुंगलेई में मंगलवार को हुई आम सभाओं में एवं एक प्रेस कांफ्रेंस में राहुल गांधी ने बतलाया कि विकास के लिए शांति आवश्यक है और यहां के युवाओं को समझना होगा कि उनके लिए विकास कितना ज़रूरी है। उन्होंने साफ किया कि भाजपा व संघ ने सत्ताधारी एमएनएफ को मिजोरम में अपने प्रवेश के लिये इस्तेमाल किया है। राहुल की यह बात निश्चित ही लोगों तक पहुंची होगी कि कांग्रेस समावेशी भारत का हिमायती है जबकि भाजपा व संघ बहुसंख्यकवाद के सिद्धांत पर काम कर रहा है।

राहुल गांधी ने इस राज्य के साथ अपने पहले-पहल के सम्बन्ध को बतलाकर लोगों को भावुक कर दिया है जिसमें उन्होंने बतलाया कि 16 वर्ष के एक किशोर के रूप में वे अपने दिवंगत पिता व तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के साथ 1986 में आए थे। उल्लेखनीय है कि राजीव गांधी के कार्यकाल में ही मिजो शांति समझौता हुआ था जिसके बाद इस राज्य से अलगाववादी ताकतों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में खुद को शामिल किया था। इस राज्य के विकास में उस समझौते का बड़ा हाथ था। इसे मिजोरमवासी नहीं भूल सकते।

यह बात तो सही है कि राहुल की यह यात्रा विधानसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में हो रही है और उसका फौरी उद्देश्य 7 नवंबर के मतदान को अपने पक्ष में प्रभावित करना है लेकिन उसे सीमित सन्दर्भों में नहीं देखा जाना चाहिये। मणिपुर के घटनाक्रम से सभी उत्तर-पूर्वी राज्य सहमे हुए हैं। भाजपा-संघ की विभाजनकारी नीति एवं केन्द्र द्वारा संघवाद (फेडरलिज्म) पर प्रहार के दुष्परिणाम आज देश देख रहा है। हर राज्य में अपनी सरकारें बनाना और जहां न हो वहां असंवैधानिक, अनैतिक या गैरकानूनी तरीकों से बनाने की प्रवृत्ति छोटे राज्यों के लोगों को विशेष रूप से भयभीत कर रही है। राहुल की यह यात्रा चुनावी लिहाज से कितनी सफल होती है, कहना मुश्किल है पर उसके सकारात्मक परिणाम ज़रूर निकलेंगे।

# डूबते मोदी को अब सेना की रेस्क्यू टीम का सहारा

देश में काफी कुछ ऐसा हो रहा है जिससे लगता है कि केन्द्र में बैठी नरेन्द्र मोदी सरकार को न तो लोकतंत्र का सलीका है और न ही प्रशासन करने का शऊर। पिछले करीब साढ़े नौ वर्षों से जिस तरह से मोदी केन्द्र की सरकार चला रहे हैं, उससे सभी मान्य लोकतांत्रिक परम्पराएं और मर्यादाएं तो ध्वस्त हो ही रही हैं, यह खतरा भी पैदा हो रहा है कि कहीं यह हमारी कार्यप्रणाली की कुरीतियां बनकर सदा-सर्वदा के लिये स्थापित ही न हो जाये। सभी तरह की शक्तियों को अपने हाथों में बटोरकर जैसा राज मोदी जी चला रहे हैं उसमें विपक्ष तो दूर, अपने ही दल के लोगों से तक विचार-विनिमय का कोई स्थान नहीं है। विशेषज्ञों, मातहत अधिकारियों, स्वयंसेवी संगठनों की तो कोई बिसात ही नहीं है। इसके चलते एक नहीं अनेक ऐसे निर्णय लिये गये हैं जिनके कारण देश और जनता को बड़ी कीमतें चुकानी पड़ी हैं। जन धन योजना, उज्ज्वला, स्मार्ट सिटी, मेक इन इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, नोटबन्दी, जीएसटी, सेंट्रल विस्टा जैसे कामों की लम्बी फेहरिस्त है जो असफल होने के साथ लोगों की बर्बादी का सबब भी बनी हैं। मोदी और भाजपा के लिये बहुत ज़रूरी हो गया है कि कोई उनकी नाकामयाबी को सफल बता सके। विभिन्न तरीकों से वे इसकी कोशिशें तो करते रहते हैं पर लोगों का उनमें भरोसा लौटता हुआ नज़र नहीं आ रहा है।

असफल योजनाओं की पूरी की पूरी श्रृंखला के कारण जहां एक ओर मोदी की छवि तथा विश्वसनीयता गिरी है वहीं पूरी भारतीय जनता पार्टी गहरे राजनैतिक संकट में धंसती चली जा रही है। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में मिली पराजयों के बाद अगले महीने होने जा रहे पांच राज्यों (राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम) में भी भाजपा के लिये जीत की सम्भावनाएं दूर-दूर तक नज़र नहीं आ रही हैं। पिछले 9 वर्षों के सारे छोटे-बड़े चुनावों की तरह हाल में हुए हिप्र-कर्नाटक के चुनाव मोदी के चेहरे पर लड़े गये थे और आगामी 5 चुनाव भी ऐसे ही लड़े जायेंगे। यहां तक कि लोकसभा के भी। मोदी की दरकी हुई छवि और गिरी हुई साख को ऊर्ध्वगामी बनाने के लिये मोदी और भाजपा को कोई ऐसी संस्था चाहिये जिसकी अपनी छवि व विश्वसनीयता हो। डूबते मोदी के लिये अब तिनके से बढ़कर किसी रेस्क्यू बोट जैसा सहारा भारतीय सेना में दिख रहा है जो मोदी-भाजपा को चुनावी भंवर से निकालकर सुरक्षित किनारे पर पहुंचा सके। इसका लाभ मिलेगा या नहीं-यह तो बाद की बात है, पहली बात तो यह है कि ऐसा प्रयास ही बहुत कुत्सित है। यह एक तरह से हमारी प्रतिष्ठित सेना और समग्र गौरवशाली सैन्य परम्परा का राजनीतिकरण करने जैसा है जिसके बहुत गम्भीर परिणाम हो सकते हैं।

सभी जानते हैं कि भारतीय सेना की केवल उसके पराक्रम व समर्पण के ही नहीं बल्कि अनेक कारणों से बड़ी विश्वसनीयता है। बहुत कुशल, गुणवत्तायुक्त सेवाभाव, राजनीति से उसकी सम्पूर्ण विलगता, धर्मनिरपेक्षता, उच्च आदर्श, मूल्यगत संस्कार व प्रशिक्षण और मानवीय दृष्टिकोण उसे दुनिया की ज्यादातर सेनाओं से एकदम अलग बनाती है। इन कारणों से ही उसकी बहुत उज्ज्वल छवि है। ऐसे वक्त में जब भारतीय राजनीति लोगों को पूरी तरह से निराश कर रही हो, सरकार के सभी अंग (विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका), तमाम संवैधानिक संस्थाएं, मीडिया आदि अपनी साख को पूरी तरह से खो चुके हों, अकेली भारतीय सेना ऐसी है जिसके प्रति जनता के दिलों में आज भी बहुत ऊंचा स्थान है। देश के लिये वह हमेशा उम्मीद की अंतिम किरण बनकर जनता के साथ उसके दुख व तकलीफों में खड़ी मिलती है। युद्ध ही नहीं, शांति काल में भी उसी पर भारतीय जनता का शत-प्रतिशत व आखिरी भरोसा होता है। भूकम्प हो या बाढ़, भूस्खलन हो या आतंकवाद- पीड़ित जनता सेना का बेसब्री से इंतज़ार करती है; और वह कभी निराश नहीं करती। सेना का कहा लोगों द्वारा आंख मूंदकर माना जाता है। ऐसा इसलिये क्योंकि उसकी दशकों में अर्जित की गयी विश्वसनीयता है।



डॉ. दीपक पाचपोर

> भारतीय सेना की केवल उसके पराक्रम व समर्पण के ही नहीं बल्कि अनेक कारणों से बड़ी विश्वसनीयता है। बहुत कुशल, गुणवत्तायुक्त सेवाभाव, राजनीति से उसकी सम्पूर्ण विलगता, धर्मनिरपेक्षता, उच्च आदर्श, मूल्यगत संस्कार व प्रशिक्षण और मानवीय दृष्टिकोण उसे दुनिया की ज्यादातर सेनाओं से एकदम अलग बनाती है। इन कारणों से ही उसकी बहुत उज्ज्वल छवि है।

उसकी इसी साख और छवि का फायदा उठाने के लिये केन्द्र सरकार ने निर्णय लिया है कि उसके माध्यम से प्रमुख शासकीय योजनाओं का प्रचार किया जायेगा। तीनों सेनाएं आत्मनिर्भर भारत, सशक्तिकरण व नारी शक्ति की सफलता लोगों तक पहुंचाएंगी। थल सेना, वायुसेना व सीमा सड़क संगठन को सीमाओं पर हुए अधोसंरचना विकास की बात करने को कहा गया है, तो व रक्षा उपक्र म कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। इतना ही नहीं, सेना के तीनों अंग व उपक्रम तथा रक्षा अनुसंधान व विकास संगठन (डीआरडीओ) दिल्ली, प्रयागराज, पुणे, बेंगलुरु, मेरठ, नासिक, कोल्लम, कोलकाता और गुवाहाटी में रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों, मॉल्स एवं पर्यटन स्थलों पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के 822 डिजिटल सेल्फी प्वाइंट बनाएंगे।

महत्वपूर्ण बात यह है कि इन सभी स्थलों पर प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीरों के साथ ये सेल्फी प्वाइंट बनेंगे जिससे स्पष्ट है कि एक निर्मल और बहुत सम्मानित संस्था की आड़ में मोदी अपनी असफलताओं को कामयाब बतलाकर न सिर्फ अपनी खोई हुई साख को वापस पाने की कोशिश कर रहे हैं बल्कि खुद की गिरती छवि को भी संवारने की कोशिश कर रहे हैं जिसका वे चुनावी लाभ उठा सकें। सेना को अपनी योजनाओं से सम्बद्ध कर इसका सियासी फायदा उठाने की यह परम्परा बहुत घातक है। सेना एक पूर्णत: स्वतंत्र संस्था है जिसका काम सरकार की छवि या साख की नहीं बल्कि देश व जनता की रक्षा करना है। शासकीय योजनाओं को लेकर सभी दलों के अलग-अलग विचार हो सकते हैं। सरकार भी किसी दल के द्वारा ही बनती है। विचार विशेष के आधार पर बनी किसी भी पार्टी की सरकार के पक्ष में प्रचार करना खुद को कोई विचारधारा से जोड़ना होता है। मोदी ने तमाम संस्थाओं को राजनैतिक रंग में रंग दिया है लेकिन उन्हें कम से कम सेना को तो बख्श देना चाहिये। सेना सरकार का प्रचार विभाग नहीं है। इसके लिये सरकारों के पास पर्याप्त व सक्षम मशीनरी उपलब्ध है। केन्द्र सरकार के पास भी है। पूरा का पूरा सूचना एवं प्रसारण विभाग है जिसके अंतर्गत न जाने कितने प्रभाग हैं और अरबों-खरबों रुपयों का बजट होता है। फिर, हर मंत्रालय-विभाग का अपना प्रचार तंत्र होता है। वैसे भी मोदी खुद पर बड़ी सरकारी राशि खर्च कर अपना प्रचार करते हैं। फिर, मोदी जी हर तरह के शासकीय-गैर सरकारी मंचों का उपयोग खुद के, अपनी सरकार व पार्टी के प्रचार के लिये करते हैं। उनका 'मन की बात' के नाम से कार्यक्रम होता है। सोशल मीडिया पर भी मोदी सक्रिय हैं जो लोगों से आग्रह करते हैं कि उनके यू ट्यूब चैनल को सभी सबस्क्राइब करें, बेल आइकन दबाएं।

प्रतीत होता है कि सरकारी प्रचार तंत्र नाकाम एवं गैर भरोसेमंद साबित हो चुका है इसलिये मोदी को सेना जैसी दमदार साख वाली संस्था का सहारा लेना पड़ रहा है। केन्द्र सरकार के इस फैसले की आलोचना करते हुए कांग्रेस के महासचिव व प्रचार प्रमुख जयराम रमेश का यह कहना वाजिब है कि पिछले साढ़े नौ साल के दौरान महंगाई, बेरोजगारी व अन्य सभी मोर्चों पर विफलता का सामना करने के बाद मोदी सरकार अब सेना से अपना राजनीतिक प्रचार पाने का बहुत घटिया प्रयास कर रही है। इसे सेना का राजनीतिकरण करने का प्रयास और खतरनाक कदम बताते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से उन्होंने अनुरोध किया है कि वे मामले में इस कदम को तुरंत वापस लेने का निर्देश दें।

(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)

# हमास-इजराइल सशस्त्र संघर्ष विश्व अर्थव्यवस्था के लिए नया जोखिम

■ नन्तू बनर्जी

हमास-इजराइल सशस्त्र संघर्ष के विश्व अर्थव्यवस्था पर दुष्परिणामों की भविष्यवाणी करना थोड़ा जल्दी हो सकता है, लेकिन अगर युद्ध लंबे समय तक जारी रहा और आने वाले सर्दियों के महीनों में तेल की कीमतें बढ़ती रहीं तो भारत पर असर पड़ना तय है। युद्ध का अब दूसरा सप्ताह चल रहा है।

भारत की लगभग 86प्रतिशत तेल आवश्यकता आयात से पूरी होती है। पिछले साल के मध्य से सस्ते रूसी तेल के आयात से देश को कुछ हद तक मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद मिली। अप्रैल से जुलाई 2023 तक, रूस से भारत के तेल आयात की वृद्धि 126.94प्रतिशत से भी अधिकथी, जो भारत के तेल परिदृश्य में रूस की मजबूत स्थिति को रेखांकित करती है। चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों में रूस से तेल आयात की लागत 15.74 अरब डॉलर आंकी गई थी। हालांकि, इसी अवधि के दौरान इराक, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और कुवैत से संयुक्त आपूर्ति की वजह से भारत को 20.7अरब डॉलर से अधिक का नुकसान हुआ। इस प्रकार, भारत तेल आपूर्ति के लिए पश्चिम एशिया पर काफी हद तक निर्भर है। यदि वैश्विक तेल की कीमतें काफी बढ़ जाती हैं तो रूस द्वारा अपने वर्तमान निर्यात मूल्य को बनाये रखने की संभावना नहीं है।

> भारतीय रिज़र्व बैंक संभवत: व्यापारियों और निवेशकों की मदद के लिए बैंक दर को नियंत्रित करने के लिए सरकार से प्रभावित है। हालांकि, अगर तेल की बढ़ती कीमतें, उच्च व्यापार घाटा, पश्चिम एशिया से कम प्रेषण, कम विदेशी प्रत्यक्ष निवेश और रुपये के गिरते विनिमय मूल्य ने भारत की आर्थिक वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव डाला, तो इसके विकल्प खत्म हो सकते हैं।

भारत में जारी महंगाई ने आम आदमी की जेब पर डाका डाल दिया है। बचत दरें निराशाजनक रूप से कम हो गई हैं। पिछले महीने के अंत में केंद्रीय बैंक द्वारा जारी आंकड़ों से पता चला कि शुद्ध घरेलू वित्तीय बचत देश की जीडीपी के 5.1प्रतिशत तक गिर गई, जो 1976-77 के बाद सबसे कम है। 2021-22 में यह जीडीपी का 7.2 फीसदी था।

भारतीय रिज़र्व बैंक संभवत: व्यापारियों और निवेशकों की मदद के लिए बैंक दर को नियंत्रित करने के लिए सरकार से प्रभावित है। हालांकि, अगर तेल की बढ़ती कीमतें, उच्च व्यापार घाटा, पश्चिम एशिया से कम प्रेषण, कम विदेशी प्रत्यक्ष निवेश और रुपये के गिरते विनिमय मूल्य ने भारत की आर्थिक वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव डाला, तो इसके विकल्प खत्म हो सकते हैं।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने हाल ही में भविष्यवाणी की थी कि वित्त वर्ष 2024 में भारत की विकास दर 6.3प्रतिशत होगी जो पहले के अनुमानित 6.1प्रतिशत से अधिक है। वैश्विक ऋणदाता को उम्मीद है कि भारत की खुदरा मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 2025 में घटकर 4.6प्रतिशत होने से पहले वित्त वर्ष 24 में बढ़कर 5.5प्रतिशत हो जायेगी। आईएमएफ की अक्टूबर 2023 विश्व आर्थिक दृष्टिकोण रपट हमास द्वारा इज़राइल पर हमले के बमुश्किल 72 घंटे बाद जारी की गई थी। स्वाभाविक रूप से, आईएमएफ रिपोर्ट में पश्चिम एशिया की स्थिति और भारत सहित विश्व अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव का जायजा लेने की उम्मीद नहीं थी।

हमास-इजराइल सशस्त्र संघर्ष एक क्षेत्रीय युद्ध में बदलने की संभावना है जिसमें अरब दुनिया के फिलिस्तीन और हमास के समर्थक और अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के सदस्यों जैसे इजराइल के मजबूत राजनयिक और रणनीतिक मित्र शामिल होंगे। लंबे समय तक चलने वाले हमास-इज़राइल संघर्ष से तेल की कीमतें बढ़ने, उच्च मुद्रास्फीति और अधिक आर्थिक अनिश्चितता का खतरा बढ़ जाता है। यह आंशिक रूप से कोविड महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण पहले से ही नाजुक वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए जोखिमों की एक पूरी नई श्रृंखला पेश करता है।

विश्व आर्थिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के बाद, आईएमएफ ने यह भी कहा कि पश्चिम एशिया में व्यापक संघर्ष से मुद्रास्फीति के माध्यम से वैश्विक अर्थव्यवस्था को खतरा होगा और बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि लड़ाई अन्य देशों भड़कती है या नहीं। आईएमएफ के शीर्ष अर्थशास्त्री, पियरे-ओलिवियर गौरींचास ने कहा कि संघर्ष से ऊर्जा-आपूर्ति को झटका लगने का खतरा है, जिससे तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं, मुद्रास्फीति बढ़ सकती है और विकास कम हो सकता है।

आईएमएफ के शोध से पता चलता है कि तेल की कीमतों में 10प्रतिशत की वृद्धि से वैश्विक आर्थिक विकास में 0.15प्रतिशत की कमी आती है। लड़ाई शुरू होने के बाद से तेल की कीमतों में उछाल आया है, हालांकि गौरींचास ने कहा कि बढ़ोतरी लंबे समय तक नहीं रह सकती है। आईएमएफ के मुख्य अर्थशास्त्री ने कहा कि यह कहना अभी जल्दबाजी होगी कि लंबे समय से चल रहे संघर्ष में वृद्धि वैश्विक अर्थव्यवस्था को कैसे प्रभावित करेगी: 'यह इस पर निर्भर करता है कि स्थिति कैसे सामने आयेगी, कई अलग-अलग परिदृश्य हैं जिनका हमने अभी तक पता लगाना भी शुरू नहीं किया है। इसलिए हम इस बिंदु पर अभी तक कोई आकलन नहीं कर सकते।' दरअसल, आईएमएफ ने मौद्रिक अधिकारियों को चेतावनी दी है कि वे ब्याज दरों में जल्द कटौती न करें।

इस प्रकार, 2023-24 के लिए भारत पर आईएमएफ के आर्थिक विकास पूर्वानुमान की प्रभावशीलता काफी हद तक हमास-इज़राइल सशस्त्र संघर्ष के विकास के तरीके पर निर्भर करेगी। इससे पहले कभी भी इजराइल ने आतंकी हमलों में इतनी ज्यादा जानें नहीं गंवाई थीं। इज़राइल के तीन बार के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने 'हमास का सफाया' करने के लिए एक राष्ट्रीय आपातकालीन सरकार की स्थापना की है, जिसमें विपक्षी दल के नेता और एक युद्ध कैबिनेट शामिल है। लेकिन, यह कहना जितना आसान होगा, करना उतना आसान नहीं।

फतह द्वारा सशस्त्र संघर्ष छोड़ने के बाद से हमास लंबे समय से फिलिस्तीनियों के लिए एक उचित राज्य के लिए लड़ रहा है। ईरान, अफगानिस्तान, सऊदी अरब, इराक, मिस्र, यमन, कतर, लेबनान और सीरिया हमास के प्रति सहानुभूति रखते हैं। वे सभी फ़िलिस्तीन राज्य के पक्ष में हैं। संयोग से, ब्रिक्स सदस्य भी फ़िलिस्तीनियों के लिए एक स्वतंत्र मातृभूमि के समर्थन में हैं। हालांकि, यह अंदाज़ा लगाना मुश्किल है कि वे आतंकवादी संगठन माने जाने वाले हमास के साथ इसराइल के ख़िलाफ़ अचानक हुए युद्ध में किस हद तक मजबूती से खड़े रहेंगे।

फ़िलिस्तीन राज्य के समर्थक हमास आतंकवादियों की तुलना में बदले हुए फिलिस्तीन मुक्ति संगठन और फिलिस्तीनी प्राधिकरण के वर्तमान अध्यक्ष महमूद अब्बास पर भरोसा करते हैं। हैरानी की बात यह है कि अब्बास, जो अब जॉर्डन की राजधानी अम्मान में हैं, तब तक अपनी चुप्पी कायम रखी जब तक कि अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनीब्लिंकन ने पिछले हफ्ते उनसे मुलाकात नहीं की। हमास के हमले ने निश्चित रूप से अब्बास के राजनीतिक अधिकार को कमजोर कर दिया है।

ब्लिंकन ने प्रत्यक्ष रूप से हमास-इज़राइल लड़ाई में भाग न लेने का आश्वासन लेने के लिए कई अरब नेताओं से भी मुलाकात की। हालांकि, अरब भावनाएं चरम पर हैं। हमास के लिए अखिल अरब समर्थन, जो फिलहाल असंभावित लग रहा है, लड़ाई को तेज कर सकता है और इसके आधार का विस्तार कर सकता है। हालांकि न तो वेस्ट बैंक और न ही गाजा तेल का उत्पादन करते हैं, लेकिन जब से हमास ने इज़राइल पर हमला किया है तब से वैश्विक तेल की कीमतें बढ़ गई हैं, इस अटकल के बीच कि संघर्ष पश्चिम एशिया में ऊर्जा उत्पादन को प्रभावित कर सकता है।

विडंबना यह है कि छोटा सा इज़राइल, जो भारत के पश्चिम बंगाल राज्य के लगभग एक-चौथाई आकार का है, दुनिया की 27वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। यह भारत के व्यापार अधिशेष के कुछ प्रमुख स्रोतों में से एक है। 2022-23 के दौरान दोनों देशों के बीच माल और सेवाओं का व्यापार 12 अरब डॉलर होने का अनुमान लगाया गया था। 2022-23 के दौरान इज़राइल से भारत का व्यापारिक निर्यात और आयात क्रमश: 8.4 अरब डॉलर और 2.3 अरब डॉलर था, जिससे 6.1 अरब डॉलर का व्यापारिक व्यापार अधिशेष हुआ। माना जाता है कि भारत इज़राइल से एक प्रमुख स्पाइवेयर आयातक है।

7 अक्टूबर को हमास द्वारा इजराइल पर किये गये बड़े पैमाने पर आश्चर्यजनक रॉकेट हमले ने अब इजराइल के बहुप्रतीक्षित जासूसी उपकरणों और खुफिया उपकरणों की प्रभावशीलता पर सवाल उठा दिया है। हमास-इज़राइल युद्ध का विस्तार, जिसमें कुछ अरब राष्ट्र और ईरान शामिल हैं, आने वाले महीनों में भारत की अर्थव्यवस्था पर बुरा प्रभाव डाल सकते हैं।

## पावन प्रसंग

# एकांत का आनंद

एकांत में बैठने, ववक्त गुजारने उसे महसूस करने का अपना ही आनंद है। एकांत व उससे उपजी शांि शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए मरहम का काम करती है, जबकि बहुत ज्यादा शोरगुल खून में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ा देता है। इसकी वजह से हाई ब्लडप्रेशर की शिकायत हो सकती है। यदि हम एकांत का लाभ उठाने की सही तकनीक जान लें तो शोर के कारण होने वाले नुकसानों को कम किया जा सकता है। अक्सर एकांत से लोग डरने की शिकायत करते हैं। वे एकांत होने पर सन्नाटे की स्थिति में आने के कारण घबरा जाते हैं। इसलिए सन्नाटे से बाहर आकर एकांत में समाने की कोशिश करनी चाहिए। उससे डरना या घबराना नहीं चाहिए, बल्कि हर क्षण में एकांत तलाशने की काबिलियत खुद में पैदा करनी चाहिए।

एकदम संबव है कि हम शोरगुल के बीच एकांत को महसूस कर सकते हैं। एकांत की सबसे ज्यादा जरूरत सुबह-सुबह होती है; क्योंकि उसके बाद कोलेस्ट्राल की मात्रा बढ़ने लगती है। टीवी देखने या अखबार पढ़ने के बजाय कुछ देर चुपचाप बैठना चाहिए। सुबह के आधा घंटे का एकांत खुद को देना चाहिए। प्रकृति का संगीत एकांत है, जिसका पूरा आनंद लेना चाहिए, महसूस करना चाहिए। अपने बगीचे की देखभाल करनी चाहिए। उसका माली खुद बनना चाहिए,मानसिक शांति महसूस होगी कि उच्च रक्तचाप होया कोलेस्ट्राल का बढ़ा स्तर सब शांत हो जाएगा। बागवानी के बी फायदे हैं, एक तो यह कि बागवानी हमको प्रकृति के निकट रखती है और जब हम प्रकृति के निकट होते हैं तो वह क्षण एकांत में बिताने का समय होता है। इससे तनाव व मानसिक दबाव का स्तर कम होता है। इसलिए आंखें मूंदकर ाजे अच्छा लगे, उस बारे में मन ही मन सोचना चाहिए , दिन भर के कामों पर मनन करना चाहिए इससे तकान दूर होगी और मन को चैन मिलेगा।

मोबाइल फोन, इंटरनेट की घंटियों से सारा माहौल गुंजायमान रहता है। इस तरह की आवाजें शोर का रूप धारण कर लेती हैं। इसलिए कोशिश करनी चाहिए कि कभी-कभार जब सोने जा रहे हैं हों या शांति से बैठे हों, तो ऐसे समय में कुछ देर के लिए ऐसे उपकरणों को बंद करके कुछ घंटे एकदम शांतिपूर्वक अलगअंदाज में बिताना चाहिए। जिंदगी आजकल इतनी तनावपूर्ण और व्यस्त हो गई है कि लोगों के सोने-गने का वक्त ही बदल गया है। परिणामस्वरूप अनिंद्रा,अवसाद और तनाव की स्थिति बनती जा रही है। देर रात तक जागना और सुबह देर से जागना, इससे जीवन और स्वास्थ्य दोनों का संतुलन बिग़ड़ता है। जरूरी है कि दस या साढ़े दस बजे राक्षि चत सो जाएं और सुबह छह बडे तक उठें। यह समय हमारी सैर का भी हो सकता है और एकांत का भी। जरूरी है कि ऐसे समय काम का, दफ्तर का अथवा घर की किसी भी मुसीबत का विचार, मस्तिष्क में नहीं होना चाहिए। अगर सैर पर नहीं जाना चाहते हैं तो अपने बगीचे की देखभाल करते हुए भी हम एकांत का लाभ उठा सकते हैं। इतना सा प्रयास हमारा मन-मस्तिष्क और स्वास्थय सुरक्षित रखेगा। शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भोजन की सात्विकता पर धअयान देना चाहिए। ठीक इसी तरह भारतीय स्वास्थ्य के लिए स्वाध्याय एवं मानसिक संगीत की जरूरत है। इससे एकांत का आनंद और बढ़ जाता है।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# खेलकूद की जगह घर के कामों में उलझा दी गई किशोरियां

हाल ही में संपन्न हुए एशियाई खेलों में भारत ने पहली बार मेडलों का शतक लगाते हुए नया कीर्तिमान गढ़ दिया। इस ऐतिहासिक सफलता में पुरुष खिलाड़ियों के साथ-साथ भारत की महिला खिलाड़ियों का भी बराबर का योगदान रहा है। गर्व की बात यह है कि घुड़सवारी जैसी प्रतिस्पर्धा में भी महिला खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीतकर यह साबित कर दिया कि समाज को अब उसे देखने का नजरिया बदल लेनी चाहिए. लेकिन एक कड़वी सच्चाई यह है कि अभी भी हमारे समाज का एक वर्ग महिलाओं और किशोरियों के प्रति संकीर्ण मानसिकता से ग्रसित है। वह महिलाओं और किशोरियों को चारदीवारी के पीछे ज़ंजीरों में कैद देखना चाहता है। वह उनके सर्वांगीण विकास को कुचल देना चाहता है। उसे महिलाओं का सशक्त होना और आत्मनिर्भर बनना संस्कृति पर कुठाराघात नज़र आने लगता है।

भले ही भारत विकास के नित्य नए प्रतिमान गढ़ रहा है। आए दिन देश में नई-नई चीजों का आविष्कार एवं नई-नई चीजों की शुरुआत हो रही है। महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए कन्या उत्थान योजना से लेकर बेटी बचाव, बेटी पढ़ाओ के नारे बुलंद हो रहे हों, लेकिन इससे इतर लैंगिक पूर्वाग्रह एवं पुरुष मानसिकता लड़कियों के प्रति यथावत है। भले हम चांद और मंगल पर आशियाने की तलाश कर रहे हों मगर स्त्रियों के प्रति रवैया और विचार में बहुत कुछ बदलाव नहीं दिखता है। लड़कियों से उनका बचपन इस तरह से छीन लिया जाता है, जैसे लड़की होकर उसने कोई गुनाह कर दिया हो। जब लड़कियों के खेलने-कूदने की उम्र होती है, तब उसे 'ससुराल में गृहस्थ जीवन संभालने' के नाम पर रसोई से लेकर खेत-खलिहान तक के काम में लगा दिया जाता है। वहीं, लड़कों को कुछ सिखाने की जरूरत नहीं समझते, उसे खेलने-कूदने की पूरी आजादी दी जाती है जो खेलना है वह खेलो, जो मन में आए वह करो। जैसे भेदभाव के साथ एक लड़की से उसका बचपन छीन लिया जाता है।

हमारे देश के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में कमोबेश यही मानसिकता व्याप्त है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में शहरों की अपेक्षा अधिक है।

11 वर्षीय रोशनी बताती है कि वह छठी क्लास में पढ़ती है। वह घर का सारा काम करके, खाना बनाकर स्कूल जाती है। फिर स्कूल से घर आकर सारा काम करती है और फिर रात का खाना बनाने की तैयारी करने लगती है। उसे खेलने का भी टाइम नहीं मिलता है। स्कूल में थोड़ा लंच टाइम में खेलती है लेकिन घर पर उसे ज़रा भी खेलने नहीं दिया जाता है।

सामाजिक बंदिशों की वजह से आज भी गांव में लड़के-लड़कियां छोटी उम्र में भी एक साथ नहीं खेल सकती हैं। माता-पिता का कहना है कि लड़की खेलेगी तो समाज क्या कहेगा? हमसे बस काम कराया जाता है। हालांकि गांव के कुछ शिक्षित लोगों का मानना है कि लड़कियों को भी उनका बचपन खुलकर जीने देना चाहिए। माता-पिता को अपनी लाडली का बचपन नहीं छीनना चाहिए। खेलकूद से बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास होता है। वहीं उनमें टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं निर्णय करने की समझ का विकास होता है।

खेलकूद पाठ्यक्रम एवं शैक्षिक गतिविधियों का एक मजबूत हिस्सा है। यही कारण है कि बिहार सरकार ने स्कूलों में बैगलेस डे की शुरुआत की है। खेल शिक्षकों की बहाली भी हुई है। बहुत सारी लड़कियां कबड्डी, फुटबॉल, हॉकी, तीरंदाजी, पहलवानी आदि के जरिए राष्ट्र का नाम भी ऊंचा कर रही हैं।

**सिमरन सहनी, मुजफ्फरपुर, बिहार**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### ध्वनि प्रदूषण: बुलेट के चालक पर 14 हजार का जुर्माना



**भेरून्दा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के निर्देशन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों को थाना अंतर्गत निरंतर वाहन चेकिंग कर बिना नंबर, बिना कागजात वाहनों की चेकिंग हेतु निर्देशित किया गया है। निर्देश पालन में भेरुन्दा पुलिस द्वारा 15 अक्टूबर को वाहन चेकिंग के दौरान बुलेट चालक नरेन्द्र पवार पिता लक्ष्मी नारायण पवार निवासी ग्राम बाईसाद के विरुद्ध बुलेट वाहन क्रमांक एमपी 37/एमयू /7885 के सायलेंसर को मोडीफाइड कर पटाखे की आवाज में वाहन चलाते व ध्वनि प्रदुषण कर आम जनता में भय उत्पन्न करने के विरुद्ध मोटर व्हीकल की पृथक -पृथक धाराओं के अंतर्गत वाहन जप्त कर न्यायालय में पेश किया गया। 16 अक्टूबर को न्यायालय द्वारा बुलेट चालक के विरुद्ध 14 हजार रुपये का जुर्माना किया गया।

### प्रशासनिक अमला मतदाताओं को कर रहा जागरुक

**सिरोंज, देशबन्धु।** तहसील, जनपद, आंगनबाड़ी, शिक्षा विभाग व अन्य सरकारी विभागों के अधिकांश कर्मचारी इन दिनों मतदाता जागरूकता रैलियां निकाल कर लोगों को अधिक अधिक से अधिक मतदान के लिये प्रेरित कर रहे है। विदिशा जिले की 5 विधानसभा में से सिरोंज में सबसे ज्यादा 8863 नए मतदाता जुड़े है। विधानसभा में 254 मतदान केंद्र है। वोटिंग परसेन्टेज 78 प्रतिशत से अधिक है। सिरोंज के 43 व लटेरी के 13 कुल 56 मतदान केंद्रों पर महिलाओं का मतदान प्रतिशत कम था। इसकी वजह पर्दा प्रथा मानी गई है। इसलिय इस बार 21 बूथ टोटल वूमेन पिंक बूथ होंगे। इनके पीठासीन अधिकारी व अन्य सभी कर्मचारी महिलाएं ही होंगी।

### बाहरी जिलों से आने वाले वाहनों की कर रहे जांच



**सिरोंज, देशबन्धु।** मतदान शांतिपूर्ण ओर निष्पक्ष हो इसके लिये भी प्रशासन ने कमर कस ली है। विधानसभा की सीमाओं पर एसएसटी टीमें दूसरे जिलों से आने वाले वाहनों की सघन चेकिंग कर रही है। सिरोंज विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसर हर्षल चौधरी ने बताया कि सिरोंज विधानसभा में तीन एसएसटी टीमें लटेरी के चंदेरी गांव, गुना रोड पर भगवंतपुर के पास व अशोकनगर बॉर्डर पर मुगलसराय में काम कर रही है। मौके पर ही रोड किनारे टेंट लगाकर 24 घंटे चेकिंग व निगरानी की जा रही है। 50 हजार से अधिक नगद रकम, सोना, चांदी, शराब अगर वाहन में पाई जाएगी तो उसे यह मानकर जप्त कर लिया जाएगा कि चुनावों को प्रभावित करने के लिये इसे परिवहन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 3 फलाइंग स्काट टीमें भी गठित की गई हैं। जिसमें मजिस्ट्रेट व पुलिस दल है। कोई गड़बड़ी फैलाने वाली सूचना मिलेगी तो तुरंत यह दल मौके पर जाकर कार्रवाई करेगा और निराकरण कर 100 मिनिट के अंदर चुनाव आयोग को इसकी सूचना देगा।

पुलिस की मौजूदगी में वन अधिकारियों ने की कार्रवाई

# अतिक्रमणकारियों को वन भूमि से किया बेदखल




**सिरोंज, देशबन्धु।** वन परिक्षेत्र सिरोज अन्तर्गत बीट छापू के कक्ष क्रमांक पी-483 में अतिक्रमण कारियों के द्वारा वन भूमि पर पौधारोपण सीमा के अन्दर अतिक्रमण किया गया था। इनके विरुद्ध वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर सुनवाई उपरान्त वनमण्डल अधिकारी विदिशा द्वारा बेदखली आदेश जारी किये गये थे। तत्समय सम्बंधितों को उक्त नोटिस तामील कराया गया एवं अतिक्रमण हटाने हेतु उन्हें पर्याप्त समय दिया गया, किन्तु उनके द्वारा वन भूमि से अतिक्रमण नहीं हटाया। इस संबंध में 13 सितंबर 2023 को सम्बंधितों को अतिक्रमण एवं टपरे हटाने हेतु पत्र जारी किया। 14 अक्टूबर को उपवनमण्डल अधिकारी और परिक्षेत्र अधिकारी, पुलिस बल द्वारा मौके पर जाकर अतिक्रमणकारियों को समझाइस दी गई कि स्वत: अपना सारा सामान टपरे से बाहर निकाल कर टपरे खाली कर वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर दे अन्यथा आप लोगों को वन भूमि से बेदखल कर किया जावेगा। समझाइश के बावजूद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इसके बाद 17 अक्टूबर मंगलवार को उपवनमण्डल अधिकारी सौरव कुमार काबरा के मार्गदर्शन में परिक्षेत्र अधिकारी देवेश गौतम द्वारा समस्त परिक्षेत्र के स्टाफ, ललित सक्सेना कार्यपालिक मजिस्ट्रेट हमराह राजस्व स्टाफ एवं पुलिस बल सिरोंज के साथ बीट छापू के कक्ष क्रमांक पी-483 में अतिक्रमण हटाया गया।

# विधानसभा चुनाव: 21 से जमा किए जाएंगे नाम निर्देशन पत्र

**रायसेन, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन-223 की घोषणा अनुसार विधानसभा निर्वाचन के लिए अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन जमा करने की प्रक्रिया 21 अक्टूबर से प्रारंभ होगी। नामांकन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 31 अक्टूबर को की जाएगी तथा अभ्यर्थी 02 नवम्बर तक नामांकन वापस ले सकेंगे। विधानसभा निर्वाचन हेतु मतदान 17 नवम्बर 2023 (शुक्रवार) को होगा तथा मतगणना 03 दिसम्बर (रविवार) को की जाएगी।

विधानसभा निर्वाचन हेतु अभ्यर्थियों के लिए आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री अरविंद दुबे ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को निर्वाचन के व्यय के लिए पृथक से बैंक खता खुलवाना होगा। निर्वाचन व्यय की अधिकतम सीमा 40 लाख रू निर्धारित की गई है। निष्पेक्ष राशि 10000 रू और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 5000 रू निर्धारित की गई है। राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त दलों के लिए एक प्रस्तावक तथा शेष के लिए 10 प्रस्तावक आवश्यक है। संवीक्षा दिनांक को अभ्यर्थी की उम्र 25 वर्ष होना आवश्यक है। अभ्यर्थी मध्य प्रदेश विधानसभा क्षेत्र का मतदाता हो किन्तु प्रस्तावक संबंधित विधानसभा का होना आवश्यक है। यदि अभ्यर्थी अन्य विधानसभा क्षेत्र का मतदाता है तो उन्हें संबंधित विधानसभा की मतदाता सूची के विवरण की सत्य प्रतिलिपि प्रस्तुत की जाना आवश्यक है। नाम निर्देशन के समय अभ्यर्थी के साथ अधिकतम चार व्यक्ति उपस्थित रह सकते हैं। एक अभ्यर्थी अधिकतम 4 नाम निर्देशन पत्र दाखिल कर सकता है। अभ्यर्थी अधिकतम दो सीटों से नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत कर सकता है।

### चल रही स्वीप गतिविधियां

**रायसेन, देशबन्धु।** शत-प्रतिशत मतदान कराने जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। मतदाताओं को मेहंदी, नुक्कड़ नाटक, रंगोली, रैली, दीवार लेखन सहित अन्य माध्यमों से विधानसभा निर्वाचन में मतदान केन्द्र जाकर वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# बालक से कुकृत्य करने वाले को 10 साल का कारावास

**सिरोंज, देशबन्धु।** केजी-1 कक्षा के पांच वर्षीय नाबालिग बालक के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने वाले ऊदलसिंह राजपूत उर्फ मिथुन निवासी गेहूंखेडी हाल निवासी एमपी नगर सिरोंज को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश सुरेन्द्र मेश्राम सिरोंज द्वारा दस वर्ष के सश्रम कारावास एवं आठ हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। उसे उपजेल लटेरी भेज दिया गया है।

विशेष लोक अभियोजक मनीष वर्मा ने बताया कि 20/04/2019 को पीड़ित की मां अपने मायके से लौटकर इकरा कॉलोनी सिरोंज में आयी थी और घर पर मुंह हाथ धोने लगी बच्चे ने मां से कहा कि मुझे कुछ पैसे दे दो मैं चीज लेने जा रहा हूं। काफी देर तक नाबालिग बच्चा घर नहीं आया तो उसे तलाश किया तो वह नहर के पास इमलानी रोड पर मिला उससे पूछा कि क्या हुआ तो बच्चा बोल नहीं पा रहा था और उसके शौच के रास्ते से खून निकल रहा था। इस बात की जानकारी पीड़ित की मां ने उसके पिता को दी पीड़ित के माता पिता ने सिरोंज थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आवेदन दिया जिस पर से थाना सिरोंज ने धारा 363, 377 एवं 3/4 पास्को एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया। पीड़ित द्वारा पहचान करने पर आरोपी को 1 मई 2019 को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में पीड़ित बालक की मेडिकल जांच रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई थी, न्यायालय में 16 साक्षियों के कथन इस प्रकरण में कराये गये। अपराध सिद्ध होने पर ऊदलसिंह उर्फ मिथुन को धारा 363 में दो वर्ष के सश्रम कारावास एवं तीन हजार रूपये के अर्थदण्ड से एवं अन्य पास्को एक्ट एवं धारा 377 में दस वर्ष के सश्रम कारावास एवं पांच हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। आरोपी पर दोनों सजाए चलेगी। पीड़ित बालक को हुई मानसिक क्षति एवं पुर्नवास के लिये न्यायालय द्वारा चार लाख रूपये सहायता देने के निर्देश दिए है।

# दुकानों से अमानक स्तर की पॉलिथीन जप्त कर की जुर्माने की कार्रवाई

**गंजबासौद, देशबन्धु।** नगर में लगातार अमानक स्तर की पालिथीन की बिक्री शिकायत हो रही थी। पूर्व में अभियान चलाकर नगर पालिका अमले ने कार्रवाई भी की थी लेकिन उसके बाद भी जब दुकानदारों ने पॉलिथीन का विक्रय बंद नहीं किया। एक बार फिर नगर पालिका द्वारा मंगलवार को सिंगल उसे प्लास्टिक विक्रय करने वाली दुकानों पर जांच पड़ताल की प्लास्टिक के कैरी बैग पाए जाने पर इन्हें जप्त कर नष्ट करवाया। डिस्पोजल और सिंगल यूज प्लास्टिक मिलने पर 4500 रुपए का जुर्माना भी किया गया की 5 किलो सिंगल प्लास्टिक डिस्पोजल जप्त को नष्ट किए जबकि एक कुंटल से अधिक अमानत स्तर की पॉलिसी में नष्ट कराई। मालूम होगी सिंगल उसे प्लास्टिक की बिक्री पर गत वर्ष 1 जुलाई को भारत सरकार द्वारा प्रतिबंध लगा दिया गया था इसके बाद भी



नगर में धड़कने से इसका उपयोग हो रहा था। सेनेटरी इंस्पेक्टर जावेद खान ने बताया कि मंगलवार को की गई कार्रवाई में पॉलिथीन नष्ट करने के अलावा जुर्माना भी किया गया है।

# रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता और रैलियों से ग्रामीण क्षेत्र में मतदाताओं को जागरुक कर रहे कर्मचारी



**भेरून्दा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** निर्वाचन शाखा 156 बुदनी विधानसभा क्षेत्र में स्वीप प्लान के अंतर्गत न कर्मचारियों द्वारा मतदाताओं को वीडियो बनाकर जनजागरूक का किया जा रहा है। अनुविभागीय अधिकारी मदन सिंह रघुवंशी, तहसीलदार सौरभ शर्मा, नायब तहसीलदार संदीप गौर, शिक्षक मो. शफी ख़ान, उमेद सिंह धुर्वे चन्द्रशेखर शर्मा, अल्ताफ़ ख़ान शिक्षक, संतोष धनवारे, कपिल मेहरा, नवल निमोदा शिक्षक एवं तहसील के कई कर्मचारी इस दौरान मौजूद रहे। शासकीय हाई स्कूल खरसानिया के छात्र छात्राओं द्वारा गीत गाकर उत्साहित किया। वीडियो के निर्देशक मो.शफ़ी ख़ान शिक्षक स्वीप प्लान। कैमरामैन अर्शलान ख़ान, सोफ़िया ख़ान आदि ने अपनी अहम भूमिका निभाई। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रोजाना नए नए आयोजन किए जा रहे है। अभी तक स्वीप प्लान के अंतर्गत तीन वीडियो बनाए जा चुके हैं। एवं बच्चों से रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता एवं रैलियों के माध्यम से कई ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार, प्रसार किया जा रहा है। जिसकी नगर एवं समस्त ज़िले में भरपूर सराहना की जा रही है। इतना ही नहीं सीहोर ज़िले के कई बड़े अधिकारियों द्वारा उत्साह से काम किया जा रहा है।

स्वीप प्लान में शासकीय अधिकारी कर्मचारी ही अपनी भूमिका निभा रहे हैं। और गीत गाकर अपने-अपने स्तर से प्रचार प्रसार कर रहे हैं। सीहोर जिला कलेक्टर प्रवीण सिंह एवं जिला पंचायत सीहोर सीईओ आशीष तिवारी, अपर कलेक्टर अर्पित गुप्ता, एवं स्वीप प्लान के प्रभारी दिनेश बर्फा भी मतदाताओं को जागरूक करने में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

# उत्कृष्ट विद्यालय में हुआ रंगोली और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन




**गंजबासौदा, देशबन्धु।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वीप अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता विषय पर विद्यालय में रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली मैं विद्यार्थियों द्वारा ईवीएम मशीन मतदान केंद्र भारत में लोकतंत्र की अवधारणा को रेखांकित किया। रंगोली के रंगों से मतदान महादान सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दोजैसे नारों को भी उकेरा। रंगोली में प्रथम स्थान नेहा विश्वकर्मा कक्षा बारहवीं कॉमर्स द्वितीय स्थान दिशा जैन 11वीं जीव विज्ञान तृतीय स्थान शरद सेन 11वीं कला ने प्राप्त किया। ाषण में प्रथम स्थान रोहित नाथ कक्षा ग्यारहवीं कला द्वितीय स्थान निखिल दांगी 12वीं कॉमर्स तृतीय स्थान नंदिनी साहू 12वीं गणित ने प्राप्त किया।इस दौरान प्राचार्य एम सी शर्मा प्रदीप चौरसिया अभय शर्मा समीक्षा जैन अश्विनी मिश्रा आलोक नायक नीलेश अहिरवार लखमी चंद साहू के के मिश्रा योगेश चौरसिया प्रशांत श्रीवास्तव भावना अग्रवाल भारती पंथी एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी दिनेश ओझा द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

# पुलिस ने लॉज से आधा दर्जन युवक-युवतियों को पकड़ा

पुलिस ने मामले को कर दिया रफा-दफा

**मुरैना, देशबन्धु।** सिविल लाइन थाना पुलिस द्वारा देर रात्रि को गश्त एवं चेकिंग के दौरान बैरियर चौराहे के पास स्थित एक लॉज से आधा दर्जन युवक-युवतियों को पकड़ा और जिला अस्पताल में मेडिकल भी कराया, लेकिन इस मामले में पुलिस अनजान बनती दिखाई दे रही है।

सूत्रों का कहना है कि इस मामले में पुलिस द्वारा लेनदेन किया गया है, इसलिए मामले को घुमाया जा रहा है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाने में पदस्थ महिला उप निरीक्षक द्वारा सोमवार मंगलवार की रात बैरियर चौराहा स्थित एक लॉज से तीन लड़के एवं तीन लड़कियों को पकड़ा गया था और उनसे काफी देर तक पूछताछ भी की गई। यह लड़के व लड़कियां आगरा एवं ग्वालियर के बताए गए हैं। जब इस मामले में थाना प्रभारी वीरेश सिंह कुशवाह से जानकारी चाही गई तो उनका कहना था कि लड़कियों को रात्रि को ही वन स्टॉप सेंटर में भेज दिया गया है तथा लडकों का वेरिफिकेशन कर उन्हें छोड़ दिया गया, लेकिन इस मामले में रोचक तथ्य उस समय सामने आया जब लड़कियों को जिला अस्पताल में मंगलवार की दोपहर मेडिकल के लिए ले जाया गया। उक्त युवक-युवतियां लॉज में कहां से आए, कहां के रहने वाले हैं, पुलिस द्वारा इस संबंध में कोई जानकारी प्रदान नहीं की गई। यही नहीं मामले को अधिकारियों से भी छुपाया गया है और उन्हें भी कोई जानकारी नहीं दी गई है, इस मामले को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है।

गौरतलब बात यह है कि काफी समय से देखने में आ रहा है कि थानों में पदस्थ थाना प्रभारी एवं कर्मचारी कोई भी कार्रवाई करते हैं, तो अधिकांश ऐसे मामलों को दबा दिया जाता है, जिनमें लेनदेन कर लिया जाता है और अधिकारियों को भनक तक नहीं लगती है। यह पिछले काफी समय से देखने को मिल रहा है। पुलिस कर्मचारियों की ऐसी कार्रवाई के कारण पूरे डिपार्टमेंट की छवि धूमिल हो रही है।

# 20 साल पुराना पेड़ काटकर की मारपीट

पार्षद ने कहा सडक़ निर्माण में बन रहा था बाधक

**मुरैना, देशबन्धु।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 35 शिकारपुर रोड पर घर के बाहर सरकारी जमीन पर लगे पेड़ को पार्षद द्वारा नगर निगम अमले से कटवा दिया गया, विरोध करने पर युवक की मारपीट कर दी गई, इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई और थाने में आवेदन दिया गया है। इधर इस मामले में पार्षद का कहना है कि कई बार समझाने के बाद भी पेड़ को नहीं हटाया गया और वह सडक़ मार्ग में बाधक बन रहा था, जिस कारण उसे कटवाया गया है। मारपीट का आरोप गलत है, ऐसी कोई घटना नहीं हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकारपुर रोड पर रहने वाले गिर्राज प्रजापति पूर्व में पार्षद का चुनाव लड़ चुके हैं। उनके भाई रामनरेश पुलिसकर्मी थाना अटेर ने बताया कि उनके घर के बाहर एक पेड़



20 वर्ष पूर्व उनके पिता ने लगाया था, जो काफी बड़ा हो गया है। निगम कमिश्नर एवं पर्यावरण विभाग ने पेड़ की डालिया काटने के लिए निर्देशित किया था, लेकिन पार्षद बंटी किरार द्वारा 20 लोगों के साथ मंगलवार की सुबह घर पर पहुंच कर पेड़ को कटवा दिया गया और उनके भाई गिर्राज के साथ गाली गलौज कर मारपीट की गई। इस मामले में गिर्राज प्रजापति द्वारा कोतवाली पुलिस को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है। वहीं वार्ड क्रमांक 35 के पार्षद बंटी किरार ने बताया कि पेड़ बीच रोड पर लगा है और उसके कारण आधा रास्ता अवरूद्ध हो रहा था। पूर्व में भी गिर्राज प्रजापति के परिवार को समझाया गया था कि पेड की डाल कटवा कर उसे व्यवस्थित कर पेड़ से भैंस ना बंधें तथा गोबर को भरकर रखें, लेकिन उनके द्वारा इस पर अमल नहीं किया गया, जिसके चलते नगर निगम द्वारा पेड़ कटवा दिया गया है क्योंकि वह सडक़ मार्ग में बाधा बन रहा था और बड़े वाहन नहीं निकल पा रहे थे।

### हत्या के प्रयास मामले में 6-6 माह की सजा व जुर्माना

**मुरैना, देशबन्धु।** न्यायालय षष्ठम अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा हत्या के प्रयास मामले में चार आरोपियों को धारा 324 में 6-6 माह कारावास एवं एक एक हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। बताया गया है कि फरियादी तिलक सिंह गुर्जर निवासी महाराजपुरा ग्वालियर ने थाना सिविल लाइन मुरैना में रिपोर्ट की कि वह फोरचूनर गाड़ी से एक घटना में कथन देने 15 जून 2018 को थाना सिविल लाइन में आया था और कथन देकर वापस अपने गाँव जा रहा था, तभी के एस चौराहे पर गाँव जनकपुर के अजय, वृन्दावन, हाकिम एवं गाँव हेतमपुर के रामकीरत मिले। उससे कहा कि हमारे खिलाफ कथन देने आया है और सरिया, लाठियों से उसकी गंभीर रूप से मारपीट कर गाड़ी में भी तोड़ फोड़ कर दी, जिस पर से आरोपीयों के विरुद्ध धारा 307, 294, 427, 34 भादवि के तहत अपराध दर्ज किया और विवेचना उपरांत अंतिम प्रतिवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय षष्ठम अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा आरोपीयों को धारा 324 में 6-6 माह की सजा एवं एक एक हजार रुपये का जुर्माना की सजा दी है तथा अन्य धाराओं में दोष मुक्त किया है। शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक इन्द्र सिंह गुर्जर ने की है।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### शिवपाल किसान मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त

**बैतूल, देशबन्धु।** गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलेश्वर मरकाम के आदेशानुसार शिवपाल सिंह राजपूत चक्कर रोड, वैष्णवी धाम कालोनी कोठी बाजार निवासी को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी में किसान मोर्चे का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया जाता है। राजपूत की नियुक्ति पर उनके इष्ट मित्रों एवं शुभ चिंतकों ने उन्हें बधाई प्रेषित की है।

### श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पहुंचे डागा



**बैतूल, देशबन्धु।** विधायक निलय डागा मंगलवार को श्रद्धाजंलि कार्यक्रम में बोरगांव पहुंचे। 6 अक्टूबर को साधुराव महाले का निधन हो गया था। विधायक निलय विनोद डागा शोक संतप्त परिवार के बीच पहुंचे जहां उन्होंने मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके पश्चात उन्होंने परिवार जनों से भेंट की। डागा ने परिवार जनों को विश्वास दिया कि दुख की इस घड़ी में महाले परिवार अपने आप को अकेला ना समझे। उन्होंने परिवार को हर सम्भव मदद के लिए आश्वस्त भी किया।

### निकली चुनरी यात्रा



**बैतूल, देशबन्धु।** नवरात्रि के पावन पर्व पर विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी प्रखण्ड द्वारा चुनरी यात्रा आमला में निकली गई। नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए यात्रा कायक्रम स्थल पर पहुंची। मां भगवती की आराधना करके कायक्रम की शुरुआत की गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्गा वाहिनी प्रांत संयोजिक, नर्मदापुरम से आए सत्यकीर्ति राने एंव बैतूल से संघ परिवार की वंदना कुंभारे विशेष अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### घोरसे को मिली पीएचडी

**बैतूल, देशबन्धु।** जेएच कॉलेज में रसायन शास्त्र विभाग में सहायक प्राध्यापक के पद पर पदस्थ प्रो.मनोज कुमार घोरसे को पीएचडी की उपाधि मिली है। घोरसे को 'फाईटोकेमिकल स्टेडी ऑफ मेडिसनल आईलसीड प्लांट लीनम यूसिटाटिसिमम एंड गजोटिया एबिसिनिका विथ स्पेशल रिफरेंस टू काम्प्रेटिव पोटेन्सी' विषय पर शोध उपरांत यह पीएचडी बरकतउल्ला विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की गई है।

पुलिस थाने ले जाकर टीम ने की पूछताछ

# फव्वारा चौक पर पुलिस ने कार से जब्त किए 8 लाख नगद





**मुलताई, देशबन्धु।** पुलिस ने मंगलवार शाम करीब 4.30 बजे नगर के फव्वारा चौक से एक कार से लगभग 8 से 10 लाख रुपए जब्त किए। एक व्यापारी कार में उक्त राशि लेकर जा रहा था। सूचना पर मुलताई टीआई प्रज्ञा शर्मा और उनकी टीम ने अचानक कार्रवाई करते हुए राशि जब्त की। बताया जा रहा है कि मुलताई के अनाज व्यापारी संतोष साहू की कार क्रमांक एमपी48सी9179 को पुलिस ने फव्वारा चौक पर अचानक रोका और उसकी जांच की तो कार में भारी मात्रा में एक झोले के अंदर रुपए मिले।

पुलिस द्वारा उक्त राशि सहित व्यापारी को कार सहीत पकड़ कर पुलिस थाने लाया गया। पुलिस थाने में फ्लाइंग स्काट टीम द्वारा रुपए से संबंधित जानकारी के संबध में देर शाम तक पूछताछ की गई। व्यापारी का कहना था कि पैसा बैंक से निकाल कर ला रहे हैं और उनके व्यापार का पैसा है। इसके सभी कागज उनके पास उपलब्ध है। इधर एसडीओपी सुरेश पाल सिंह ने बताया की उक्त व्यक्ति रुपयों के संबध में कभी भाई का पैसा होना बता रहा है तो कभी किसानों का बता रहा है, जिससे मामला संदिग्ध नजर आ रहा है। उन्होंने कहा की इस मामले में एफएसटी द्वारा जांच की जा रही है। एफएसटी कार्यपालक मजिस्ट्रेट अनिल डाबर ने बताया की एक कार से 8 लाख रुपए नगद पकड़े गए है, इस संबध में जांच की जा रही है। फिलहाल उनके द्वारा संतोष साहू से पूछताछ की जा रही है।

# मतदान जागरूकता को लेकर संगोष्ठी का आयोजन



**बैतूल, देशबन्धु।** मप्र निर्वाचन मुख्य अधिकारी के निर्देश के परिपालन में संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें मतदाता व मतदान का महत्व बताया गया।

संगोष्ठी कार्यालय कलेक्टर के आदेश के परिपालन में जिला सहायक नोडल अधिकारी एवं एनएसएस के जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे द्वारा शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय चूनालोमा में प्राचार्य जाग्रति पलेरिया, वरिष्ठ शिक्षक गरीब दास यादव, सुरेश चन्द्र राठौर, बलराम डोंगरे की उपस्थिति में विधानसभा चुनाव 2023 में मतदाता जागरूकता की शपथ 510 विद्यार्थियों को दिलाई गई एवं संगोष्ठी में वोट का महत्व बताया गया। यह भी बताया कि लोंकतंत्र को मजबूत करने के लिए संविधान ने हमें मतदान का अधिकारी दिया है जिसका उपयोग अवश्य करना चाहिए। जाग्रति पलेरिया ने कहा कि महिलाओं को भी मतदान के लिए आगे आना चाहिए और लोगों को भी प्रेरित करना चाहिए। संगोष्ठी को सफल बनाने में शिक्षक दयाराम कापसे, सुशील राठौड़, सुमित बारमासे, शिवपाल बड़ोदे, मनीषा लोखंडे, उपासना देशमुख, मिथिलेश धुरे, मनीष प्रसाद, अंजली राय का सराहनीय योगदान रहा।

# रामलीला में दूसरे दिन सीता स्वयंबर सहित कई लीलाओं का मंचन



**भैंसदेही, देशबन्धु।** रामलीला मंचन के दूसरे दिन सीता स्वयंबर सहित कई लीलाओं का मंचन कलाकारों द्वारा बड़े ही आकर्षक तरीके से किया है। इसमें दर्शाया गया कि मुनि विश्वामित्र से राम लक्ष्मण आज्ञा लेकर जानकपुरी घूमने जाते है। जहाँ पुष्पवाटिका में उन्हें माता सीता मिलती है जो गौरी पूजन करने जाती है।_ विश्वामित्र राम लक्ष्मण को सीता स्वयंबर में जनक के दरबार में लेकर जाते है। यहां रावण जैसे ही धनुष तोड़ने की कोशिश करता है तभी आकाशवाणी होती है की है रावण आपकी बहन को कोई राक्षस आकाश मार्ग से लेकर जा रहा यह आकाशवाणी सुनकर रावण धनुष यज्ञ छोड़कर अपनी बहन को बचाने चला जाता है। तब बंदीजन राजा जनक की महान गाथा का पारायण विस्तार पूर्वक करते है। रामलीला मंचन में राम लक्ष्मण के अभिनय की जनता द्वारा तारीफ की जा रही है। राम के अभिनय में शांतनु सोनी लक्ष्मण के अभिनय में उज्जवल जैन जो की राजा जैन के सुपुत्र है। बंदी के अभिनय में आदर्श तिवारी ने सफल अभिनय किया परशुराम के अभिनय में हर्ष तिवारी ने बहुत अच्छा अभिनय किया। रावण के अभिनय में नितेश मालवीय एवं बानासूर के अभिनय में संतोष पाल ने मुख्य रूप से अभिनय किया।

# हाईवे पर अचानक बाइक के सामने आई नीलगाय, 2 युवक गंभीर घायल





**मुलताई, देशबन्धु।** नेशनल हाईवे 47 पर ग्राम कोल्हीया के पास मुलताई से वापस लौट रहे युवकों की बाइक के सामने अचानक से नीलगाय आ जाने के कारण बाइक पर सवार दोनों युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि नीलगाय की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम हतनापुर निवासी रोहित पुत्र शिवचरण परिहार उम्र 18 वर्ष एवं जितेंद्र पुत्र हेमराज पठाडे उम्र 23 वर्ष दोनों मुलताई से वापस अपने गांव हतनापुर जा रहे थे कि तभी अचानक कोल्हिया पर राकेश के ढाबे के पास उनकी बाइक के सामने तेज गति में दौड़ते हुए नीलगाय आ गई और उनसे टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि नीलगाय की मौके पर मौत हो गई, जबकि दोनों युवक गिरकर घायल हो गए। जिन्हें एनएचएआई और 108 एंबुलेंस की मदद से पायलट रामकृष्ण नागले, एमटी डॉक्टर उमेश पवार ने सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों द्वारा दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया। डॉक्टर द्वारा बताया गया कि रोहित का पैर फैक्चर हुआ है, वही जितेंद्र को भी पीठ में गंभीर चोट आई है।

### भैंस से अनियंत्रित हुई बाइक, गिरने से महिला घायल



**मुलताई, देशबन्धु।** मुलताई बोरदेही रोड पर ग्राम बरई घाट में अचानक से एक बाइक के सामने भैंस आ जाने के चलते बाइक अनियंत्रित हो गई और बाइक पर सवार महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम बोरदेही निवासी लक्ष्मी पति रामदयाल उम्र 45 वर्ष जो अपने भाई के साथ बाइक पर सवार होकर बोरदेही से मुलताई आ रही थी, तभी अचानक ग्राम बरई घाट में बाइक के सामने एक भैंस आ जाने के कारण बाइक अनियंत्रित हो गई और वे दोनों गिर गए। गिरने के चलते लक्ष्मी का पैर फैक्चर हो गया, उसे तत्काल प्राइवेट वाहन से मुलताई अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टर द्वारा उसका प्राथमिक उपचार किया गया, महिला को बेहतर उपचार के लिए बैतूल जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

# प्रत्येक कार्यकर्ता संकल्प लें और उसे पूर्ण करके दिखाएं: सिंह

▸ **ग्राम छुरी में हुआ भाजपा का शक्तिकेन्द्र सम्मेलन**



**सारनी, देशबन्धु।** बुथ स्तर पर भाजपा के कार्यकर्ता इतिहास रचने की तैयारी में है प्रदेश और केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाने का कार्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से किया गया है। जिसके परिणाम सकारात्मक आ रहे है। यह बात ग्राम छुरी में शक्ति केंद्र सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा जिला महामंत्री कमलेश सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि गांव, गरीब, किसान के कल्याण में भाजपा की केंद्र एवं प्रदेश की सरकार ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। लाड़ली बहना एवं किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं से महिलाएं सशक्त हो रही है। किसानों को मजबूती मिल रही है। शक्ति केन्द्र एवं बूथ समिति के प्रत्येक कार्यकर्ता संकल्प लें और उसे पूर्ण करके दिखाएं। कार्यक्रम को मण्डल प्रभारी गावंडे एवं मण्डल अध्यक्ष मोहन मोरे ने भी सम्बोधित किया। शक्ति केंद्र प्रशिक्षण शिविर का संचालन दीपक सिनोटिया ने किया। शक्तिकेन्द्र सम्मेलन का शुभारंभ भाजपा जिला महामंत्री कमलेश सिंह, मण्डल प्रभारी प्रशांत गावंडे,सारनी ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष मोहन मोरे, वरिष्ठ कार्यकर्ता श्रीकेश पटेल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यर्पण एवं दीप प्रज्वल्लन कर किया। इस अवसर पर राकेश वर्मा,धनराज बडौदे,राकेश साहू,मूलचंद वर्मा,सुखमन सलाम सहित छुरी,केरिया,सीताकामथ,जांगड़ा एवं माथनी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पुलिस पर परेशान करने का आरोप, कलेक्टर से की शिकायत

**बैतूल, देशबन्धु।** भीमनगर बंधा रोड आमला निवासी एक युवक ने थाना आमला चौकी बोड़खी के खिलाफ जुआ सट्टे के अवैध कारोबार में मिली भगत का आरोप लगाया है। आवेदक अलकेश चौरे पिता चिन्धू चौरे 39 वर्ष ने कलेक्टर को प्रेषित शिकायत आवेदन में यह भी संगीन आरोप लगाया है कि पुलिस की सच्चाई बताने पर उनके खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की जा रही है।

शिकायतकर्ता अलकेश ने आरोप लगाया कि आमला या बोड़खी में कोई भी अपराध होता है तो पुलिस उनके खिलाफ मनगढ़ंत मामले बनाती है। अपराधी ना होकर भी अपराधी बनाया जाता है। अलकेश का यह भी आरोप है कि बोड़खी आमला में जुआ, सट्टा का काम पुलिस की सह से होता है। पोल खोलने पर पुलिस आवेदक के खिलाफ जबरन केस बनाकर प्रस्तुत करती रहती है। इसकी शिकायत उन्होंने सीएम हेल्प लाइन पर भी की थी। जिसके कारण पुलिस ने आक्रोशित होकर आवेदक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर अपराधी बनाया है। उनके खिलाफ 31 अक्टूबर 2016 में एक झूठा अपराध धारा 306 भादवि एवं 1 सितम्बर को 327, 307, भादवि के अपराध दर्ज हुआ जिनका निराकरण हो गया। उक्त प्रकरण में आवेदक की जांच उपरांत बरी होकर आज पर्यन्त तक कोई अपराध दर्ज नही हुआ है फिर भी आवेदक का अपराध निरस्त नही किया गया। 25 आर्म्स एक्ट 09 जून 2021 को दर्ज किया था। जो न्यायालय में विचाराधीन है। 16 जनवरी 2023 को धारा 294, 323, एवं 506 भा.द.वि. के तहत मामला बनाया था, 14 फरवरी 2023 को धारा 224 का अपराध पंजीबध्द किया वह भी चल रहा है। आवेदक अलकेश का कहना है कि जिला बदर के दौरान उनकी पुत्री को अकेले रहने में कुछ भी होता है तो उसकी समस्त जवाबदारी पुलिस प्रशासन आमला की होगी।

# भाजपा कार्यालय में हुआ बूथ विजय प्रशिक्षण कार्यक्रम



**सारनी, देशबन्धु।** किसी समय में मध्यप्रदेश बीमारू राज्य के गिनती में आया करता था लेकिन पिछले 18 वर्षों में भाजपा सरकार के माध्यम से प्रदेश को उन्नत राज में शामिल करने का कार्य किया गया है। यह बात भाजपा कार्यालय में बूथ विजय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने कही। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने पूरे देश का सर्वांगीण विकास कर भारत का मन अंतरराष्ट्रीय पटल पर बढ़ाया है। सैकड़ो हितग्राही मूलक योजनाओं के माध्यम से गरीबों का जीवन बदलने का काम केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष नागेंद्र निगम के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत,सुधाकर पवार, नपा अध्यक्ष किशोर बरदे, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुधा चंद्रा,पूर्व मंडल अध्यक्ष श्याम मदान,नपा उपाध्यक्ष जगदीश पवार, पंजाब राव बारस्कर, कार्यक्रम के प्रभारी भीम बहादुर थापा के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

*67वीं सॉफ्टबॉल राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता*

# मुलताई के खिलाड़ियों ने जीता स्वर्ण पदक



**मुलताई, देशबन्धु।** 67वीं सॉफ्टबॉल राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2023 नर्मदापुरम में आयोजित की गई थी, इसमें करीब 36 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में नर्मदापुरम संभाग ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुवे स्वर्ण पदक जीते। जिसमे मुलताई के 16 खिलाड़ियों का चयन हुआ। जिसमे अंडर 14 बालिका में परिधि हिंगवे, गुंजन साहू, अलिशा सैय्यद, दीपिका, अंडर-14 बालक वर्ग में भविष्य डोंगरदिये, सूर्या पाल, निमित्य माहोरे, कपिल एवम अंडर-17 बालक वर्ग में उत्कर्ष पाल, तन्मय प्रजापति, अथर्व यादव, योगेश्वर एवम अंडर-17 बालिका वर्ग में कुमकुम डहारे,भावना प्रजापति, कल्याणी कलसुले ,रानी घाघरे का चयन हुवा। अंडर-14 बालिका में पिचर अलिशा सैय्यद, कैचर परिधि हिंगवे, अंडर-14 बालक वर्ग में पिचर भविष्य डोंगरदीए, कैचर सूर्या पाल एवम अंडर-17 बालक वर्ग में पिचर अथर्व यादव, कैचर तन्मय प्रजापति के शानदार प्रदर्शन से नर्मदापुरम ने स्वर्ण पदक जीता। मुलताई के खिलाड़ियों द्वारा किए आगे श्रेष्ठ प्रदर्शन से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है और उनके पालकों को सहयोग करने के लिए धन्यवाद दिया गया। खेल प्रशिक्षक अमित ने बताया की नर्मदापुरम में कोच आलोक सर थे। इस जीत पर खेल शिक्षक कल्याणी, अश्विनी, रोहित, पूजा, लक्ष्मी, पंकज सतपुते एवम गुरुकुल स्कूल प्रिंसिपल अतुल बारंगे, कोरोला स्कूल प्रिंसिपल सुरेन्द्र राठौर ने इन सभी खिलाड़ियों को बधाई दी एवम राष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों का चयन होने पर शुभकामनाएं दी है।

**प्रतिदिन सुबह 5 बजे से प्रेक्टिस करते है खिलाड़ी:** खेल शिक्षक महेश खत्री ने बताया की ये सभी खिलाड़ी एक्सीलेंस स्कूल के ग्राउंड मुलताई पर सुबह 5 बजे से प्रतिदिन प्रेक्टिस करते आ रहे है तब यह सफलता हासिल हो पाई। बैतूल जिला कोच जितेश पवार एवम अमित के देख रेख में सभी खिलाड़ी जीतोड़ मेहनत करते है।

**राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जीते मेडल:** इस वर्ष 60 बच्चो ने बेसबॉल और सॉफ्टबॉल गेम में राज्य स्तरीय टीम में अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसके कारण 16 खिलाड़ियों ने स्वर्ण एवम 9 खिलाड़ियों ने कांस्य पदक राज्य स्तरीय स्कूल गेम में जीता। जिसमे 13 बालक और 12 बालिकाएं शामिल है।

# बैतूल विस से चुनाव लड़ने अलस्या ने शुरू किया जनसंपर्क

**बैतूल , देशबन्धु।** अगले महीने होने वाले विधान सभा के चुनाव को लेकर चुनाव आयोग द्वारा चुनाव कराए जाने की तिथियों की घोषणा करते ही विस चुनाव के दावेदारों की सक्रियता बढ़ गई है। जिसके चलते बैतूल विस से चुनाव लड़ने का एलान कर चुके अलस्या केशव राव सोलंकी ने जन संपर्क शुरू कर दिया है। अलस्या सोलंकी ने बताया कि वे बैतूल विधान सभा का चुनाव गरीबों, पीड़ितों और शोषितों के उत्थान और उनके विकास के लिए लड़ रहे है। उनका कहना है कि गरीबों की हक के लिए वह किसी भी हद तक संघर्ष कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभी कुछ राष्ट्रीय दलों से उनकी चर्चाएं हो रही है। अगर कोई दल उनके सिद्धांतों के अनुरूप सहमति देते हैं तो इस दल से भी चुनाव लड़ने का फैसला अपने साथियों से विचार विमर्श करके ही किसी दल विशेष के बैनर तले चुनाव लड़ने के लिए तैयार होंगे । वे कहते हैं कि अगर किसी पार्टी विशेष का समर्थन नहीं मिलता है तो निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। सोलंकी ने बताया कि बैतूल जब पानी की विकराल समस्या से जूझ रहा था उस समय जिन परिवारों तक मैं पानी पहुंचाया ,प्यासों को पानी पिलाया भूखों के लिए भोजन व्यवस्था की और बीमार पीड़ितों को स्वास्थ्य मुहैया कराया था। वे लोग स्वयं के खर्च पर प्रचार प्रसार में जुटने वाले हैं। फिलहाल बैतूल शहर में अपना चुनाव जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है। अलस्या सोलंकी ने बताया कि विधानसभा चुनाव फतह करने के लिए उनके जो खास समर्थक घर पहुंच रहे हैं उनके साथ बैठकर ली जा रही है । बैठक में जहां चुनावी रणनीति पर चर्चा हो रही है वहीं चुनावी व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है ।

## सार समाचार

### अक्षत का नेशनल फुटबाल के लिए मप्र की टीम में चयन



**इटारसी, देशबन्धु।** रेलवे बॉयज फुटबॉल क्लब न्यू यार्ड इटारसी के खिलाड़ी डीपी दुबे मेमोरियल स्कूल नया यार्ड कक्षा बारहवीं के छात्र अक्षत तिवारी पुत्र प्रीतम तिवारी का चयन अंडर-19 स्कूल की राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश की टीम से हुआ है।

यह टीम जम्मू कश्मीर में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेने जाएगी जो 31 अक्टूबर से 4 नवंबर तक होगी। राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए कोचिंग कैंप मुरैना में लगेगा। अक्षत तिवारी के चयन पर अश्वनी मालवीय जितेन्द्र ओझा, अनिल मिहानी, तरुण पोपली, दीपक परदेसी, गुरमुख सैनी, गुड्डन पांडे, राकेश मसीह, अंकुश मसीह, गोलू देवेंद्र खाड़े, रविंद्र चौधरी, धनपाल, योगेश लाला, राम कृष्ण पंकज, उमेश निगम तथा कोच कृष्णा साहू, फिरोज खान, चिन्ना, सुदीप्त, राकेश पांडेय, टक्कू इटारसी के सभी क्लब ने हार्दिक बधाई दी एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### स्वीप गतिविधियों के तहत निबंध प्रतियोगिता आयोजित



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिलेभर में स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत के निर्देश पर जिलेभर में स्वीप गतिविधियों के तहत विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है और मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आज शासकीय संभागीय आईटीआई नर्मदापुरम में निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने निबंध के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। वहीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिछुआ के विद्यार्थियों द्वारा रैली निकालकर मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया।

# मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण प्रारंभ, कलेक्टर एसपी ने किया निरीक्षण

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के लिए जिला प्रशासन द्वारा युद्ध स्तर पर तैयारियां की जा रही है। मंगलवार को जिले की सभी विधानसभाओं में मतदान कर्मियों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत हुई। पहले दिन मतदान अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 1 को प्रशिक्षण दिया गया।



तीन दिवसीय प्रशिक्षण में लगभग जिले के 6160 मतदान कर्मियों को निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया के संबंध में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह ने सिवनीमालवा पहुंचकर यहां शासकीय कन्या महाविद्यालय में मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सभी मतदान अधिकारी कर्मचारी निर्वाचन प्रक्रिया संबंधी बारीकियों को अच्छे से समझें। ईवीएम मशीन के संचालन के लिए भी अच्छे से प्रशिक्षण ले।

उन्होंने प्रशिक्षण में अनुपस्थित मतदान कर्मियों के विरुद्ध कार्यवाही भी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर एवं एसपी ने इस दौरान मतदान केंद्र सीएम राइज स्कूल प्राथमिक शाला सिवनीमालवा, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनीमालवा एवं नेहरू स्मृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनीमालवा का भी निरीक्षण कर मतदान के संबंध में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक डॉ सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्रिटिकल एवं वलनरेबल मतदान केंद्रों के संबंध में अधिकारियों को फील्ड पर रहकर केंद्रों के चिन्हांकन एवं वहां पर्याप्त बल, क्यूआरटी टीम नियोजित किया जाएं। इसके बाद कलेक्टर एवं एसपी ने एसडीएम कार्यालय का निरीक्षण कर यहां नाम निर्देशन की प्रक्रिया की तैयारीयों का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यालय परिसर में बेरिकेडिंग, सीसीटीवी एवं एलईडी के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने स्ट्रॉग रूम का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर और एसपी में सिवनीमालवा में संवेदनशील मतदान केंद्र माखनलाल चतुर्वेदी विद्यालय हिरनखेड़ा का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से चर्चा कर उन्हें निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रमोद गुर्जर, एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

## वाहन चैकिंग : 44 चालानों के जरिए वसूले 32 हजार रुपए

**इटारसी, देशबन्धु।** क्षेत्रीय परिवहन विभाग लगातार अवैध वाहन संचालन के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। चुनाव आचार संहिता के दौरान परिवहन आयुक्त और कलेक्टर के निर्देश पर आरटीओ द्वारा यह कार्रवाई की जा रही है। बीती रात आरटीओ ने 44 चालान बनाकर वाहन चालकों से 32 हजार रुपए का समन शुल्क वसूला।क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी निशा चौहान एवं जांच दल ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मोटरयान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत वाहनों की जांच की गई, जिसमें प्रमुख रूप से शासकीय- अशासकीय संस्थाओं में गैर अनुबंधित एवं राजनैतिक वाहनों पर मध्य प्रदेश शासन, भारत सरकार या अन्य रेडियम युक्त लेखन, हूटर, नंबर प्लेट की जांच साथ ही वाहन में अवैध शराब, अथवा अन्य प्रतिबंधित सामग्री की जांच की गई। कार्रवाई के दौरान कुल 80 वाहन चैक किए एवं 44 के चालान बनाये जिससे कुल राजस्व 32000 रुपए प्राप्त किया। आचार संहिता की इस आदेशात्मक कार्यवाही में आरटीओ निशा चौहान के साथ सिपाही राकेश चौरे, दीपक उपाध्याय, सुनील मुदगल, उदयभान शर्मा, गोलू पटेल, कीर्ति वर्मा, हेमंत प्रजापति शामिल रहे। आरटीओ विभाग की यह कार्यवाही आचार संहिता में और अधिक कठोरात्मक रूप से जारी रहेगी।



## निर्वाचन की तैयारियों का कलेक्टर एसपी ने लिया जायजा

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह ने मंगलवार को सिवनीमालवा के बाद नर्मदापुरम विधानसभान में भी निर्वाचन की तैयारियो का जायजा लिया। उन्होंने संवेदनशील मतदान केंद्र शासकीय प्राथमिक शाला जुमेराती का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नर्मदापुरम को दिए। उन्होंने कहा कि संवेदनशील मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्थाएं कराएं। इसके पश्चात कलेक्टर एव एसपी ने एसएनजी स्कूल नर्मदापुरम में बनाए गए स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय परिसर में सीसीटीवी, बैरिकेडिंग आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नर्मदापुरम को दिए। इस दौरान रजिस्ट्रीकरण अधिकारी आशीष कुमार पांडे, एसडीओपी पराग सैनी, सीएमओ नवनीत पांडे, उप संचालक उधानिकी रीता ऊइके सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।



## डेढ़ लाख से अधिक की मदिरा और महुआ लाहन जब्त



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** आबकारी उडनदस्ता टीम द्वारा नर्मदापुरम शहर, पिपरिया, माखन नगर क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही 2 पेटी देशी शराब, 1 पेटी अंग्रेजी शराब, 73 बल्क लीटर कच्ची हाथ भट्टी शराब, 1395 किलोग्राम महुआ लहान जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 11 प्रकरण कायम किये। जब्त अवैध शराब एवं लहान की अनुमानित कीमत 165100 रुपए है।

कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन में आबकारी उड़नदस्ता टीम द्वारा वृत्त नर्मदापुरम अ में आबकारी दल द्वारा मछली बाजार, दशहरा मैदान पिपरिया पचमढ़ी रोड रिचेड़ी माखन नगर क्षेत्र के संदिग्ध स्थलों पर छापामार कार्रवाई कर कुल कुल 73 लीटर हाथभट्टी शराब एवं 1395 किलोग्राम महुआ लाहान एवं एक पेटी देशी प्लेन, एक पेटी देशी मसाला शराब एवं एक पेटी ओ सी अंग्रेजी शराब जप्त कर प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34.1(क)(च)के तहत 11 प्रकरण पंजीबद्ध किए गये 7 जप्त की गई सामग्री की अनुमानित कीमत कुल 165100 रुपए ह।

आज की कार्रवाही मे आबकारी उड़ानदस्ता प्रभारी एनपी सिंह, सहायक जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी उपनिरीक्षक सुयश फौजदार, नीलेश पंवार, राजेश साहू, कृष्ण कुमार पड़रिया, आबकारी मुख्य आरक्षक रामदत्त शर्मा, आरक्षक विकास लोखंडे, धर्मेंद्र वारंगे, कैलाश अखण्डे, योगेश महोबिया, संतोष ठाकुर, सियाराम पटेल तथा राजा सैनी, भावना यादव, तारा पवार, प्रगति पंडोले एवं नगर सैनिक मोहन यादव का सराहनीय योगदान रहा।

## 16 साल से फरार आरोपी को मंडीदीप से गिरफ्तार किया




**इटारसी, देशबन्धु।** पुलिस ने विगत करीब 16 वर्ष से एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को मंडीदीप से गिरफ्तार किया है। विगत 16 वर्ष से फरार आरोपी मजीद खान पिता अफजल खान को सिटी पुलिस के एएसआई के रमाकांत यादव एवं प्रधान आरक्षक हेमंत तिवारी ने मंडीदीप से गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जायेगा।

## बुधनी में ट्राइडेंट कंपनी के ठिकानों पर आईटी की छापामार कार्यवाही, वित्तीय गड़बड़ियां होने की आशंका



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** टेक्सटाइल उद्योग में प्रख्यात कारपोरेट ग्रुप ट्राईडेंट ग्रुप बुधनी पर आयकर विभाग के इन्वेस्टिगेशन विंग की टीमों ने छापामारी की है। मंगलवार सुबह बुधनी में स्थित ट्राइडेंट कंपनी के ठिकानों पर आयकर की टीम ने छापेमार कार्यवाही की। जानकारी के अनुसार करीब 50 सदस्यीय टीम 60 से ज्यादा गाड़ियों में ट्राइडेंट कंपनी के अंदर पहुंची। विभाग को ग्रुप के खिलाफ वित्तीय गड़बड़ियां की शिकायत मिली थी। कार्रवाई पूरी होने के बाद करोड़ों रुपए की टैक्स चोरी के खुलासे की आशंका है। ट्राइडेंट कंपनी द्वारा संचालित नर्मदा इन होटल में भी अधिकारियों ने दविश दी है। हालांकि अभी विभागीय स्तर पर विभाग एवं ट्राइडेंट कंपनी के किसी भी अधिकारी कर्मचारियों ने कोई भी जानकारी नही दी है। सबसे चौंकाने बाली बात ये है कि छापेमार कार्रवाई में स्थानीय प्रशासन एवं मध्य प्रदेश पुलिस को इंवॉल्व न करते हुए सीआईएसएफ के करीब 50 जवानों को तैनात किया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ट्राइडेंट कंपनी के सभी ठिकानों पर एक साथ कार्यवाही की जा रही है कार्यवाही के बाद ही पता चल पाएगा कि आखिर क्या कुछ मामला यहां पर निकाल कर सामने आया है। आईटी सूत्रों के मुताबिक, सर्च ऑपरेशन दो से तीन दिन तक चल सकता है।

**देश विदेशों में सप्लाई**- 1985 में शुरू हुए ट्राइडेंट ग्रुप ऑफ कंपनीज के मालिक पद्मश्री राजेंद्र गुप्ता हैं। इनकी देशभर में फैक्ट्रियां हैं, जिनमें पेपर मैन्युफैक्चरिंग के साथ बेडशीट, तौलिया, केमिकल, बिजली के सामान, डोमेस्टिक और ग्लोबल फर्नीचर, धागा बनाने का काम किया जाता है। 75 प्रतिशत प्रोडक्ट 150 से अधिक देशों में सप्लाई किए जाते हैं। कंपनी के रजिस्टर्ड ऑफिस पंजाब के संघेरा, बरनाला, लुधियाना, चंडीगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश में सीहोर जिले के बुधनी में भी है।

**गिरने लगे शेयर**-मीडिया खबरों के अनुसार ट्राइडेंट ग्रुप पर आयकर के छापे की खबर के बाद से ही ग्रुप के शेयरों में गिरावट देखी जा रही है। बिजनेस स्टैंडर्ड की एक खबर के अनुसार ट्राइडेंट एलटीडी मंगलवार की सुबह 10-45 के आसपास 36.30 रुपये प्रति शेयर के आसपास ट्रेड कर रहा था। इनमें 0.85 अंक या 2.29 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

## पुलिस ने किया अंधेकत्ल का पर्दाफाश

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** थाना देहात पुलिस टीम द्वारा 11 और 12 अक्टूबर की दरम्यानी रात को हुए हत्या के प्रकरण का खुलासा किया है। 11 और 12 अक्टूबर की दरम्यानी रात को फरियादी कैलाश वर्मा द्वारा थाना हाजिर आकर सूचना दी गई कि उसकी निर्माणाधीन साइड पर खाली प्लाट में बनी झोपड़ी में रहने वाली मजदूर ममता इरपाचे मृत अवस्था में झोपड़ी में पडी हुई है। सूचना पर थाना देहात नर्मदापुरम में अपराध कमांक 491/23 धारा 302 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया था। घटना की जानकारी लगते ही घटना की सभी संभावित स्थिति को जानने के लिये विभिन्न टीमो को रवाना किया गया। इसी क्रम में घटना स्थल के तकनीकि साक्ष्यों एवं आसूचना संकलन के आधार पर एक संदेही कृष्णकुमार यादव पिता कृपाराम यादव निवासी कोटगाव थाना बाबई की जानकारी प्राप्त हुई। जिसे तकनीकी आधार पर थाना देहात पुलिस टीम द्वारा पकड़ने के उपरांत पूछताछ करने पर घटना कारित करना स्वीकार किया। प्रकरण की समस्त वैधानिक कार्यवाही पूर्ण कर मंगलवार को आरोपी कृष्णकुमार यादव पिता कृपाराम यादव निवासी कोटगाव थाना बाबई को न्यायालय में पेश किया गया है।

## शासकीय कन्या महाविद्यालय में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**इटारसी, देशबन्धु।** जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह कलेक्टर नर्मदापुरम के निर्देशानुसार एवं नगर पालिका इटारसी के सहयोग से स्वीप गतिविधि के अंतर्गत शासकीय कन्या महाविद्यालय इटारसी में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

राज भारती कला संगम भोपाल द्वारा महाविद्यालय में विधानसभा चुनाव 2023 में शत प्रतिशत मतदान हेतु कठपुतली डांस एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाता जागरुकता कार्यक्रम किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरएस मेहरा ने कहा कि लोकतंत्र की नीव मताधिकार पर आधारित होती है। अत: प्रत्येक वयस्क नागरिक को बिना किसी भेदभाव के मतदान के अधिकार का प्रयोग निर्भीकता एवं निष्पक्षता के साथ करना चाहिए, जिससे राष्ट्र के लिए स्वस्थ सरकार की प्राप्ति हो सके।

राज भारती कला संगम भोपाल के कलाकार विशाल भारती, पिंकी तिवारी एवं पंकज शर्मा ने बताया कि प्रशासन की निर्देशानुसार हम कठपुतली डांस एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को मत का प्रयोग अवश्य करनी के लिए जागरुक कर रहे हैं। बनो देश के भाग्य विधाता, अब जागो प्यारे मतदाता एवं अंकल आंटी मान जाओ, वोट डालोगे कसम खाओ, जैसे नारों ने छात्राओं को प्रभावित किया। कार्यक्रम में डॉ. हरप्रीत रंधावा, श्रीमती मंजरी अवस्थी, श्रीमती पूनम साहू, डॉ.शिरीष परसाई, डॉ श्रद्धा जैन, डॉ शिखा गुप्ता, डॉ नेहा सिकरवार, प्रिया कलोसिया, क्षमा वर्मा,, तरुणा तिवारी एवं अनेक छात्राएं उपस्थित थी।

## यूपी निवासी महिला से आरपीएफ ने बरामद किया 8 किलो गांजा

**इटारसी।** आज रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक एक पर भोपाल छोर से आरपीएफ ने जीआरपी की मदद से उत्तरप्रदेश के मथुरा निवासी एक महिला से मादक पदार्थ गांजा जब्त किया जिसका वजन आठ किलो और कीमत करीब सवा लाख रुपए बतायी जा रही है। आरपीएफ के मुताबिक वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त भोपाल, के निर्देशन में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर की जा रही संयुक्त विशेष सघन चेकिंग के दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना पर आरक्षक डेविडदीन, बदन सिंह, महिला आरक्षक वंदना कईदा व आरक्षक आरिफ खान के साथ जीआरपी इटारसी की उपनिरीक्षक व एक स्टॉफ के साथ रेलवे स्टेशन इटारसी में प्लेटफार्म नं. 01 के भोपाल छोर से एक आरोपी रीनू पति धर्मेन्द्र, निवासी माधव कुंज कालोनी, महोली मथुरा उत्तर प्रदेश को तलाश कर अवैध मादक पदार्थ गांजा 08 किलो के साथ पकड़ा गया है तथा आरोपी के विरूद्ध अग्रिम कार्यवाही के अंतर्गत जीआरपी इटारसी द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध की कार्यवाई की गई है। जब्त मादक पदार्थ गांजे की कीमत 1,20,000 रुपए निर्धारित की गई है।

## बिना टिकट और अनुचित टिकट 123 यात्री पकड़े, 61,280 रुपए का जुर्माना



**इटारसी, देशबन्धु।** रेलवे के वाणिज्य विभाग ने इटारसी रेलवे स्टेशन पर सघन टिकट जांच अभियान चलाया। इस दौरान प्लेटफार्म पर किलाबंदी कर यात्रियों को पकड़ा। वाणिज्य विभाग की टीम ने सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक बिना टिकट और अनुचित टिकट पर यात्रा करने वाले 123 यात्रियों को पकड़ा और बतौर जुर्माना 61,280 रुपए वसूले गये।वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के निर्देशन में आज इटारसी स्टेशन पर किला बंदी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान टिकट चेकिंग पर्यवेक्षकों की निगरानी में 17 टिकट चेकिंग स्टाफ के सहयोग से स्टेशन के बाहर निकलने वाले रास्ते की घेराबंदी की गई, ताकि कोई भी यात्री बिना जांच के स्टेशन के बाहर न जा सकें। प्रात: 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलाये इस टिकट चेकिंग अभियान के दौरान स्टेशन पर आने-जाने वाली 21 गाड़ियों के यात्रियों के टिकट की जांच की गई। जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले 62 यात्री पकड़े गए, जिनसे 35,450 रुपए बतौर किराया, जुर्माना वसूल किया गया। अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले 61 यात्री पाए गए, जिनसे 25,830 रुपए बतौर जुर्माना, किराया वसूल किया, साथ ही यात्रियों को उचित टिकट लेकर ही यात्रा करने की समझाईश दी गई।इस प्रकार आज इटारसी स्टेशन पर चलाये गए किलाबन्दी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान बिना टिकट एवं अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों के पकड़े गए कुल 123 मामलों से कुल 61,280 रुपए का रेल राजस्व प्राप्त हुआ।

रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें, प्रतीक्षा सूची ई-टिकट पर यात्रा करने की अनुमति नहीं है। इसी प्रकार प्लेटफॉर्म टिकट भी यात्रा के लिए अनुमति नहीं है। अत: प्रतीक्षा सूची ई-टिकट अथवा प्लेटफॉर्म टिकट लेकर यात्रा न करें। स्टेशन प्लेटफॉर्म पर प्रवेश के लिए यात्रा टिकट या प्लेटफॉर्म टिकट होना आवश्यक है। यात्रा से पूर्व अपने सामान को बुक कराएं, ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### विश्वामित्र-दशरथ संवाद ने बांधे रखा दर्शकों को

## आचार संहिता के कारण शाम 7 से रात 10 बजे तक हो रहा रामलीला का मंचन

**इटारसी, देशबन्धु।** श्रीरामलीला एवं दशहरा महोत्सव का आयोजन शहर में दो स्थानों गांधी मैदान और पुरानी इटारसी के वीर सावरकर मैदान पर चल रहा है। चुनाव आचार संहिता के कारण रामलीला मंचन शाम को 7 से रात 10 बजे तक ही किया जा रहा है। बीती रात गांधी मैदान में श्री बालकृष्ण लीला संस्थान वृंदावन के कलाकारों ने श्रीराम जन्म, विश्वामित्र का श्रीराम और लक्ष्मण का अपने यज्ञ को बचाने ले जाने और ताड़का व अन्य राक्षकों का अंत करने का मंचन किया गया।



शाम को गणेश पूजन और श्रीराम दरबार की आरती नगर पालिका के कार्यालय अधीक्षक संजय सोहनी, सब इंजीनियर मुकेश जैन, कमलकांत बड़गोती, जगदीश पटेल, अजय यादव, रवि सिंह, ठेकेदार संजीव अग्रवाल, सुबोध सोनी, सिद्धार्थ गायकवाड़ सहित अन्य ने करके शुभारंभ कराया। मुनि विश्वामित्र और दशरथ के बीच संवाद के दौरान श्रोता मंत्रमुग्ध रहे। जब दशरथ अपने सुकुमारों को भयानक राक्षसों से युद्ध के लिए भेजने में असमर्थ होते हैं तो विश्वासमित्र उन्हें समझाते हैं कि महाराज! आप पुत्र के मोह को अपने कर्तव्य के बीच मत आने दीजिए। पराक्रमी श्रीराम क्या हैं, इस बात को मैं भली-भांति जानता हूं। महातेजस्वी वशिष्ठ जी व अन्य तपस्वी भी उस सत्य को जानते हैं। अत: आप कृपया शीघ्रता कीजिए, ताकि मेरे यज्ञ का समय बीत न जाए। अपने मन से शोक और चिंता को हटाकर आप श्रीराम को मेरे साथ जाने की अनुमति दीजिए।

महर्षि विश्वामित्र के ऐसे वचन सुनकर महाराज दशरथ को अतीव दु:ख हुआ। पुत्र वियोग की आशंका से पीड़ित होकर वे कांप उठे। वे दु:खी स्वर में महर्षि विश्वामित्र से बोले, राक्षस तो छल कपट से युद्ध करते हैं। लेकिन मेरा राम अभी सोलह वर्षों का भी नहीं हुआ है। वह अभी युद्ध-कला में निपुण नहीं हुआ है और न ही अस्त्र-शस्त्र चलाना भली भांति जानता है। इसलिए वह राक्षसों से लड़ने के लिए किसी भी प्रकार से उपयुक्त नहीं है। मुझे इस बुढ़ापे में बड़ी कठिनाई से पुत्र प्राप्ति हुई है। राम मेरे चारों पुत्रों में सबसे बड़ा है और उस पर मेरा प्रेम भी सबसे अधिक है। उससे वियोग हो जाने पर मैं दो घड़ी भी जीवित नहीं रह सकता। इसलिए आप राम को न ले जाइए।

दशरथ की ऐसी बातों को सुनकर महर्षि विश्वामित्र बहुत क्रोधित हो गए। वे बोले, राजन! पहले तुमने स्वयं ही मुझे मुंह मांगी वस्तु देने की प्रतिज्ञा की और अब तुम स्वयं ही उससे पीछे हट रहे हो। तुम्हें यदि ऐसा ही व्यवहार उचित लगता है, तो मैं जैसा आया था, वैसा ही वापस लौट जाता हूं।

उनके इस क्रोध को देखकर सभी लोग भयभीत हो गए। यह देखकर अब महर्षि वशिष्ठ आगे बढ़े और उन्होंने दशरथ को समझाते हुए कहा, महाराज! आप महान इक्ष्वाकु वंश में जन्मे हैं और आपकी धर्मपरायणता सारे संसार में प्रसिद्ध है। अत: आप अपने धर्म का पालन कीजिए और अधर्म का भार अपने सिर पर न उठाइए। आप निश्चिंत होकर श्रीराम को महर्षि विश्वामित्र के साथ भेज दीजिए। श्रीराम अभी अस्त्र-विद्या जानते हों या न जानते हों, किंतु महर्षि के होते हुए वे राक्षस श्रीराम का कुछ भी नहीं बिगाड़ सकते।

यह बातें सुनकर दशरथ जी की चिंता दूर हो गई और उनका मन प्रसन्नता से खिल उठा। उन्होंने स्वयं ही राम और लक्ष्मण को अपने पास बुलाया। फिर माता कौशल्या, पिता दशरथ और पुरोहित वसिष्ठ जी ने स्वस्ति वाचन किया और यात्रा की सफलता के लिए श्रीराम को मंगलसूचक मंत्रों से अभिमंत्रित किया गया। इसके बाद दशरथ जी ने श्रीराम को प्रसन्नतापूर्वक महर्षि विश्वामित्र को सौंप दिया। आगे-आगे विश्वामित्र, उनके पीछे श्रीराम व उनके पीछे सुमित्रानंदन लक्ष्मण चल पड़े। रास्ते में श्रीराम और लक्ष्मण ताड़का और सुबाहु जैसे राक्षसों का अंत करते हैं।

कांग्रेस में टिकट वितरण को लेकर कथित गुटबाजी के बीच बोले कमलनाथ

# मैंने दिग्विजय को गाली खाने की पॉवर ऑफ अटॉर्नी दी है





## दिग्विजय बोले- गलती कौन कर रहा है यह तो पता होना चाहिए

**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के पूर्व कांग्रेस के दो बड़े नेताओं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के बीच कथित गुटबाजी की खबरों के दौरान आज उस समय रोचक स्थिति पैदा हो गई, जब कमलनाथ ने एक मंच से कहा कि मैंने दिग्विजय को बहुत पहले उनके लिए (श्री कमलनाथ के लिए) गाली खाने की पावर ऑफ अटॉर्नी दी थी और ये आज तक वैलिड है।

दोनों नेता विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का वचन पत्र जारी किए जाने के समारोह के दौरान मंच साझा कर रहे थे। इस दौरान श्री कमलनाथ ने अपने संबोधन की शुरुआत में कहा कि अभी उनके पास श्री सिंह के कपड़े फाड़ने से जुड़ी बात सामने आई है। इसी क्रम में उन्होंने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए हल्के फुल्के लहजे में कहा कि अगर श्री सिंह आपकी बात ना मानें तो आप भी इनके कपड़े फाड़ें।

इसी बीच मंच पर उपस्थित श्री सिंह श्री कमलनाथ को बीच में टोक कर बोले कि फॉर्म ए और फॉर्म बी पर पीसीसी (प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष) के दस्तखत होते हैं, तो कपड़े किनके फटने चाहिए। उनकी बात पर वहां मौजूद कांग्रेस के सभी नेताओं ने ठहाके लगाए।

इसके फौरन बाद श्री कमलनाथ ने कहा कि उनका और दिग्विजय सिंह का संबंध बहुत पुराना है और हंसी मजाक के साथ प्यार का भी है। इसी दौरान श्री सिंह मंच पर किसी अन्य से बात करने लगे, जिस पर श्री कमलनाथ ने उन्हें टोकते हुए कहा कि दिग्विजय सुनते रहो।

अपनी बात आगे बढ़ाते हुए कमलनाथ ने कहा कि बहुत पहले मैंने इन्हें (दिग्विजय सिंह को) पावर ऑफ अटॉर्नी दी थी कि कमलनाथ के लिए पूरी गाली खाइए और ये पावर ऑफ अटॉर्नी आज के दिन भी वैलिड है।

इस पर श्री सिंह ने हंसते हुए उन्हें एक बार फिर टोका और पूछा कि गलती कौन कर रहा है, ये तो पता होना चाहिए। प्रत्याशियों को सिम्बल तो प्रदेश अध्यक्ष ही देंगे। उनकी बात पूरी होते ही कमलनाथ ने उनकी ओर इशारा करते हुए कहा कि गलती हो या ना हो, गाली तो खानी है। इन्होंने (श्री सिंह ने) मेरे लिए (श्री कमलनाथ स्वयं के लिए) बहुत कड़वे घूंट पिए हैं, आगे भी पीने पड़ेंगे।

दरअसल कल देर शाम सोशल मीडिया पर श्री कमलनाथ का एक वीडियो वायरल हो गया था, जिसमें वे कथित तौर पर असंतुष्टों के बीच कहते हुए सुनाई दे रहे थे कि वे जाकर श्री दिग्विजय सिंह और उनके पुत्र जयवर्धन सिंह के कपड़े फाड़ें।

बताया जा रहा है कि इस वीडियो में श्री कमलनाथ भाजपा से कांग्रेस में आए शिवपुरी के नेता वीरेंद्र रघुवंशी और उनके समर्थकों से ये बात कर रहे हैं। श्री रघुवंशी भाजपा छोड़ कर आने के बाद शिवपुरी से कांग्रेस का टिकट मांग रहे थे, लेकिन उनके स्थान पर पिछोर से विधायक रहे वरिष्ठ कांग्रेस नेता के पी सिंह को टिकट दे दिया गया। बताया जा रहा है कि श्री कमलनाथ इसके लिए श्री सिंह को जिम्मेदार मानते हुए श्री रघुवंशी को ये परामर्श दे रहे हैं।

इसके बाद आज सुबह श्री सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बिना किसी का नाम लिए पोस्ट किया, जब परिवार बड़ा होता है तो सामूहिक सुख और सामूहिक द्वंद्व दोनों होते हैं। समझदारी यही कहती है कि बड़े लोग धैर्यपूर्वक समाधान निकालें। ईश्वर भी उन्हीं का साथ देते हैं जो मन और मेहनत का मेल रखते हैं।

दोनों नेताओं के बीच के इस घटनाक्रम के बाद से भारतीय जनता पार्टी के कई नेताओं ने दोनों के बीच गुटबाजी की अटकलों को और हवा देनी शुरु कर दी थी।

कांग्रेस के वचन पत्र को प्रदेश भाजपा भाजपा अध्यक्ष ने बताया रस्म अदायगी, बोले

# छल, कपट, झूठ और धोखे का दस्तावेज



**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस के वचन पत्र को छल,कपट, झूठ और धोखे का दस्तावेज बताया है। पार्टी ने कहा है कि कांग्रेस ने झूठ का पुलंदा एक बार फिर जनता के सामने रख दिया है। यह प्रदेश की जनता के साथ क्रूर मजाक है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने आज अपना वचन पत्र जारी किया है, जो वचनों का नहीं, बल्कि झूठ, छल, कपट और धोखे का पत्र है। ऐसे समय में जबकि करप्शन नाथ और मि.बंटाढार के बीच कपड़ा फाड़ द्वंद और घमासान मचा हुआ है, कांग्रेस का ये वचन पत्र एक रस्म अदायगी बन कर रह गया है।

श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने अपने वचन पत्र की शुरुआत कर्जमाफी के उस वादे से की है, जिसका झुनझुना राहुल गांधी ने 2018 में बजाया था। उन्होंने कहा था कि अगर 10 दिनों में कर्जमाफी नहीं हुई, तो मुख्यमंत्री बदल देंगे। कमलनाथ सरकार ने कर्जमाफी के नाम पर किसानों से तीन तरह के फॉर्म भरवाए और तरह-तरह से परेशान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की कर्जमाफी किस तरह से मजाक बन गई थी, उसका उदाहरण हैं आगर मालवा के किसान शिवलाल, जिन पर 24000 रुपये का कर्ज था, लेकिन कमलनाथ सरकार ने सिर्फ 13 रुपये माफ किए। श्री शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी ने अगर मुख्यमंत्री बदलने का अपना वादा निभाया होता, तो 15 महीने में पता नहीं कितने मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश को मिल जाते। उन्होंने कहा कि अब एक बार फिर कांग्रेस किसानों से झूठे वादे कर रही है। श्री शर्मा ने कहा कि किसानों की हितैषी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान की सरकारें हैं, जो 80 लाख किसानों को हर साल 12 हजार रुपये

## फिर शिकारी की तरह जाल फैला रही कांग्रेस

प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी झूठे वादों के सहारे 2018 में सत्ता में आई थी, लेकिन उन वादों की पोल जल्दी ही खुल गई थी। अब एक बार फिर शिकारी की तरह कांग्रेस पार्टी ने झूठे वादों का जाल फैला दिया है, लेकिन प्रदेश की जनता अब सजग हो गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने वचन पत्र में नौजवानों को 1200 रुपये देने की बात कही है। 2018 में तो कांग्रेस ने बेरोजगार युवाओं को 4 हजार रुपये बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था, लेकिन किसी बेरोजगार को भत्ता नहीं दिया। दूसरी तरफ प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की सरकार सीखो-कमाओ योजना के अंतर्गत प्रदेश में युवाओं को इंटर्नशिप के आधार पर 8-10 हजार रुपये दे रही है।

## दोफाड़ कांग्रेस अब हो गई कपड़ा फाड़

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कमलनाथ ने जिस तरह से पूर्व मुख्यमंत्री और उनके बेटे के कपड़े फाड़ने के लिए कार्यकर्ताओं को उकसाया है, उससे कांग्रेस की अंतकर्लह और अंतर्द्वंद सतह पर आ गए हैं। दो फाड़ कांग्रेस अब कपड़ा फाड़ कांग्रेस हो गई है। श्री शर्मा ने कहा कि दिग्विजय सिंह से कमलनाथ की ये नफरत नई नहीं है। कांग्रेस की पहली सूची जारी होने के बाद भी यह देखा गया था कि कमलनाथ दिग्विजय सिंह के वर्चस्व से परेशान थे। ऐसा लग रहा था कि यह सूची नहीं, कांग्रेस की शामत आ गई है। वास्तव में ये कांग्रेस का द्वंद नहीं, बल्कि नेताओं का दंभ है जो 15 महीने की सरकार में भी दिखाई दिया था। तब उसी सरकार के एक मंत्री उमंग सिंघार ने कहा था कि इस सरकार को पर्दे के पीछे से मि. बंटाढार दिग्विजय सिंह चला रहे हैं।

भाजपा प्रवक्ता डॉ. वाजपेयी ने कहा-

# कांग्रेस और कमलनाथ से बड़े हो गए नकुलनाथ



**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. हितेष वाजपेयी ने कहा कि कांग्रेस में अब कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ का कद लगता है कांग्रेस और कमलनाथ से भी बड़ा हो गया है। कांग्रेस में पहली सूची आने के बाद से ही घमासान मचा हुआ है, लेकिन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के सांसद बेटे नकुलनाथ ने जिस तरह से छिंदवाड़ा जिले के विधानसभा क्षेत्रों से कांग्रेस प्रत्याशियों की स्वयं घोषणा कर रहे हैं, उससे तो यही लगता है कि नकुलनाथ को छिंदवाड़ा जिले के टिकटों का ठेका दे दिया गया है।

प्रदेश प्रवक्ता डॉ. वाजपेयी ने कहा कि ऐसे में सवाल उठता है कि क्या नकुलनाथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और कांग्रेस पार्टी से बड़े हो गए हैं। नकुलनाथ द्वारा इस तरह से प्रत्याशियों के नामों की घोषणा करना कहीं न कहीं कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को भी एक तरह से चुनौती है।

# 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक भी दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान

**भोपाल, देशबन्धु।** यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज है परंतु उसके पास किसी वजह से मतदाता परिचय पत्र उपलब्ध नहीं है तो भी वह मताधिकार का उपयोग कर सकेगा। मतदाता परिचय पत्र के अलावा 12 वैकल्पिक फोटो युक्त दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकेंगे। इसी प्रकार यदि किसी कारण से किसी नागरिक को मतदाता सूचना पर्ची प्राप्त नहीं होती है, लेकिन उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है तो भी वह मतदान कर सकेगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में सभी मतदाताओं को फोटो पहचान पत्र जारी किया जा रहा है। जो मतदाता वोटर आईडी कार्ड प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा।



श्री राजन ने बताया कि 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/पीएसयू/सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक/डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल है। अप्रवासी भारतीय मतदाताओं (एनआरआई) को केवल पहचान के लिए अपना मूल पासपोर्ट दिखाना होगा। यदि ईपिक में किसी मतदाता के फोटोग्राफ आदि का मिलान न हो पाने के कारण मतदाता की पहचान करना संभव नहीं है, तो उस मतदाता को उपरोक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा।

## ओडिशा में चार करोड़ की ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार

**रांची, एजेंसी।** ओडिशा पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंस विंग ने निवेश योजनाओं के नाम पर बड़ी संख्या में लोगों से 4 करोड़ की ठगी करने वाले दो आरोपियों को रांची पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया है। इनके नाम अमर डेनिश और पीयूष कुमार उर्फ निशांत हैं। दोनों बिहार के रहने वाले बताए जा रहे हैं, लेकिन पिछले कुछ महीनों से रांची के पुंदाग इलाके में श्याम विहार अपार्टमेंट में छिपे थे। बताया गया है कि इन आरोपियों ने वास्तव इंडिया नामक एक ट्रस्ट के जरिए विभिन्न योजनाओं के तहत आकर्षक रिटर्न का वादा कर लोगों से रकम जमा करवाई।

राजस्थान में कांग्रेस की खास रणनीति

# तीन दर्जन मौजूदा विधायकों का कट सकता है टिकट

- अशोक गहलोत खेमे को लग सकता झटका
- सर्वे के साथ जाना चाहता है पार्टी आलाकमान

**विंध्यवासिनी त्रिपाठी**

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस पार्टी ने तकरीबन सभी चुनावी राज्यों के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी करनी शुरू कर दी है। लेकिन राजस्थान में पेंच फंस गया है। क्योंकि पार्टी के सियासी रणनीतिकार के सर्वे में 50 फीसदी मौजूदा विधायकों के टिकट काटने की सिफारिश की गई है। जबकि सूबे के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का कहना है कि अगर टिकट कटना ही है तो उनके टिकट काटे जाएं, जिन्होंने पार्टी से बगावत की थी। इसी के चलते केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक भी लंबित है। हालांकि माना जा रहा है कि शीर्ष नेतृत्व ने मामले में दखल दिया है और कल सीईसी की बैठक हो सकती है।

**वर्चस्व कायम रखना चाहते हैं गहलोत**- गहलोत ज्यादा से ज्यादा समर्थक विधायकों को टिकट दिलाकर विधायक दल पर अपना वर्चस्व कायम रखना चाहते हैं। लेकिन आलाकमान सर्वे के साथ जाना चाहता है। इसके पीछे उसका मकसद है कि ज्यादा से ज्यादा विधायक चुनकर विधानसभा पहुंचे और अगर सरकार बनाने लायक संख्या मिल जाती है तो कोई भी खेमा दबाव की राजनीति न कर सके। इसको देखते हुए आलाकमान ने सर्वे को पार्टी की स्क्रीनिंग कमेटी के चेयरमैन गौरव गोगोई को सौंप दिया है।

यही नहीं आलाकमान ने स्क्रीनिंग कमेटी में भी संतुलन अपने पक्ष में बनाने के लिए प्रभारी सुखजिंदर रंधावा, चेयरमैन गौरव गोगोई, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद डोटासरा व सचिन पायलट के साथ ही अपने भरोसेमंद व कड़क मिजाज मधुसूदन मिस्त्री को भी आमंत्रित सदस्य के रूप में जगह दे दी है। बताया जा रहा है कि आलाकमान ने स्क्रीनिंग कमेटी के चेयरमैन गौरव गोगोई को स्पष्ट निर्देश दिया है कि सिर्फ जिताऊ उम्मीदवारों के नाम पर ही विचार किया जाएं। इस लिहाज से माना जा रहा है कि गहलोत खेमा को झटका लग सकता है और कम से कम तीन दर्जन मौजूदा विधायकों का टिकट काटा जा सकता है। जिसमें ज्यादातर गहलोत समर्थक होंगे।

# कांग्रेस के दबाव में आकर सरकार ने गंगाजल पर जीएसटी हटाया : श्रीनेत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने मां गंगा को भी नहीं बख्शा और गंगाजल पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया और कांग्रेस ने दबाव बनाया तो फिर वापस लेना पड़ा। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस को जब पता चला कि मां गंगा को भी नहीं बक्शा जा रहा है और गंगाजल पर जीएसटी लगाया जा रहा है तो कांग्रेस ने इसका जबरदस्त विरोध किया जिसके दबाव में सरकार को फैसला बदलना पड़ा। इस तरह एक बार फिर कांग्रेस ने मोदी सरकार को मजबूर किया और उसको यह गलत फैसला वापस लेना पड़ा।

उन्होंने कहा भाजपा प्रवक्ता, ट्रोल आर्मी और उनके फेक न्यूज संचालक कहते रहे कि गंगाजल पर कोई जीएसटी नहीं है क्योंकि गंगाजल पूजा सामग्री की श्रेणी में आता है। यह प्रचार झूठ था और मीडिया इस झूठ को सच मानकर खबरें चलाता रहा। सच्चाई यह थी कि गंगाजल पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया गया था और ये कहना कि उस पर जीएसटी नहीं था यह कोरा झूठ है। प्रवक्ता ने कहा की गंगाजल पर जीएसटी लगाकर सरकार का उद्देश्य गंगाजल डाक से भेजकर डाकघर की आमदनी बढ़ाना था। पहले 250 एमएल की बोतल 30 रुपए थी लेकिन 18 प्रतिशत जीएसटी लगने के बाद इसकी कीमत 35 रुपए हो गई थी। इसकी जानकारी 18 अगस्त को इंडिया पोस्ट ने ट्वीट से दी थी जिसमें साफ लिखा था कि 30 रुपए की बोतल पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा जबकि सरकार बोलती रही है की गंगाजल पूजा सामग्री की श्रेणी में आता है इसलिए इस पर जीएसटी नहीं लगेगा।

उन्होंने कहा कि सीबीआईसी के तहत जीएसटी जीएसटी आता है और सीबीआईसी की वेबसाइट पर लिखा है- रुद्राक्ष की माला, रोली, विभूति, यज्ञोपवीत, कलावा, बिना ब्रांड के शहद, लकड़ी के खड़ाऊं, चरणामृत, चंदन का टीका और दीये की बाती पर जीएसटी नहीं है बाकि सब पर जीएसटी है। वेबसाइट में गंगाजल पर जीएसटी नहीं लगाने की कोई बात नहीं है। हिंदू धर्म में गर्भधारण से मृत्यु तक 16 कर्मकांड होते हैं और उन सबमें गंगाजल अनिवार्य है। वहीं दूसरी ओर गत दिनों कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी एक पोस्ट में हमला बोलते हुए कहा था कि मोदी जी, मोक्ष प्रदाता मां गंगा का महत्व एक आम भारतीय के लिए जन्म से लेकर जीवन के अंत तक बहुत अधिक है। आपकी सरकार ने पवित्र गंगा जल पर ही 18 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया।

# उत्तराखंड में बारिश व बर्फबारी के साथ येलो अलर्ट

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड में मानसून के जाने के बाद अब मौसम ने करवट बदली है। प्रदेश में गुलाबी ठंड ने अपनी दस्तक दे दी है। लेकिन मौसम विभाग ने एक बार फिर प्रदेश में बारिश और बर्फबारी के साथ ही तेज आंधी तूफान का अलर्ट जारी किया है। सोमवार को प्रदेश में आंधी तूफान बारिश और बर्फबारी भी हुई। वहीं मंगलवार को भी मौसम विभाग ने एक बार फिर बारिश-बर्फबारी होने के साथ ही कई जिलों में भी अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने प्रदेश के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के 3500 मीटर व उससे अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने के आसार जताए हैं। इसके अलावा अन्य सभी जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि बुधवार से अगले कुछ दिन राहत मिलने के आसार हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से पर्वतीय समेत मैदानी इलाकों में 17 अक्टूबर को बिजली चमकने और हवा चलने के साथ बर्फबारी व बारिश होने की संभावना जताई गई है, जबकि 18 से 20 तक प्रदेश भर का मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी के साथ येलो अलर्ट जारी

## राजनाथ ने सशस्त्र बलों के पदक विजेताओं को किया सम्मानित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के हांगझोऊ में हाल ही में संपन्न 19वें एशियाई खेलों में सशस्त्र बलों के पदक विजेताओं और सहायक कर्मचारियों को आज सम्मानित किया और उनके लिए नकद पुरस्कारों की घोषणा की। सिंह ने मंगलवार को यहां एक कार्यक्रम में एशियाई खेलों में भाग लेने वाले 76 खिलाड़ियों और कर्मचारियों के साथ बातचीत की और उन्हें खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। रक्षा मंत्री ने इस मौके पर मंत्रालय की ओर से घोषणा की कि स्वर्ण पदक विजेता को 25 लाख, रजत पदक विजेता को 15 लाख और कांस्य पदक विजेता को 10 लाख रूपए का नकद पुरस्कार दिया जायेगा। सशस्त्र बलों के कर्मियों ने इन खेलों में 02 स्वर्ण, 03 रजत और 3 कांस्य पदक जीते हैं। सिंह ने उन खिलाड़ियों की भी सराहना की जिन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया लेकिन पदक नहीं जीत सके। उन्होंने विश्वास जताया कि ये पदक और प्रदर्शन देश के युवाओं को खेलों में आगे आने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने खिलाडियों से कहा कि आप केवल एक पदक का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहे हैं, बल्कि भारतीय समाज की उत्कृष्टता की कहानी का भी प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। आप युवाओं को प्रेरणा देने का एक बड़ा माध्यम हैं। रक्षा मंत्री ने विभिन्न खेलों में पदक जीतने के लिए सशस्त्र बलों के जवानों की सराहना की। उन्होंने कहा कि चाहे युद्ध का मैदान हो या खेल का मैदान, सैनिक हमेशा समर्पण, अनुशासन, कड़ी मेहनत और देश के लिए कुछ करने की इच्छा के कारण प्रदर्शन करता है।



यही गुण हमें खेलों में पदक दिलाने में मदद करते हैं। सैनिक के भीतर एक खिलाड़ी होता है; एक खिलाड़ी के भीतर एक सैनिक होता है। सम्मान समारोह में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी, थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख वाइस एडमिरल संजय जसजीत सिंह और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## झारखंड के लोटिया डैम में छह बच्चे डूबे

**रांची, एजेंसियां।** हजारीबाग के इचाक थाना क्षेत्र के लोटवा डैम में मंगलवार सुबह डूबे सभी छह स्कूली छात्रों के शव बरामद कर लिए गए हैं। सभी हजारीबाग के माउंट एग्माउंड स्कूल के प्लस टू के छात्र थे और स्कूल ड्रेस पहनकर डैम साइड में सैर करने पहुंचे थे। छात्रों के डूबने की खबर पाकर उनके परिजन डैम के पास पहुंचे। उनकी चीत्कार से माहौल बेहद कारुणिक हो उठा। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और सीएम हेमंत सोरेन ने हादसे पर गहरा दुख जताया है। बताया गया कि सात छात्र स्कूटी और बाइक से पहुंचे थे। उन्होंने अपने स्कूल ड्रेस डैम के किनारे उतार दिया और नहाने के लिए पानी में उतर गए। माना जा रहा है कि इनमें से कोई एक गहरे पानी में चला गया, जिसे बचाने के चक्कर में छह छात्र डूब गए। घटना की सूचना जैसे ही इचाक पुलिस को मिली, वह घटनास्थल पर पहुंची। डूबने वाले छात्रों में हजारीबाग के ओकनी मोहल्ले का रजनीश पांडे और सुमित कुमार, मटवारी का मयंक सिंह, दीपूगढ़ा का प्रवीण गोप, पीटीसी चौक का ईशान सिंह और मटवारी गांधी मैदान कॉलोनी का शिवसागर शामिल है। सीएम हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि लोटवा डैम में हादसे की दुःखद खबर से मन व्यथित है। परमात्मा, हादसे में मरने वाले बच्चों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दें।

गेमिंग साइटों से बच्चों के यौन शोषण का खतरा बढ़ा

# ऑनलाइन बाल यौन शोषण सामग्री में 87 फीसदी वृद्धि

## वीप्रोटेक्ट ग्लोबल अलायंस की रिपोर्ट में दी गई जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया में आनलाइन बाल यौन शोषण सामग्री के मामलों में 2019 के बाद से 87 फीसदी की वृद्धि हुई है तथा गेमिंग साइटों से भी बच्चों के यौन शोषण का खतरा बढ़ा है। यह तथ्य गैर सरकारी संगठन वीप्रोटेक्ट ग्लोबल अलायंस की ताजा रिपोर्ट में दिया गया है।बच्चों के लिए आनलाइन खतरे के बारे में वीप्रोटेक्ट ग्लोबल अलायंस ने जारी अपनी चौथी वैश्विक रिपोर्ट में कहा है कि वैश्विक स्तर पर 3.2 करोड़ से अधिक ऐसे मामले की रिपोर्ट की गई है जहां आनलाइन माध्यमों में बाल यौनशोषण से जुड़ी सामग्री प्रस्तुत की गई थी।

### भारत पर भी आसन्न खतरों को किया जिक्र

रिपोर्ट के अनुसार भारत चिंताजनक रूप से उन देशों में से एक है जहां बच्चों के लिए आनलाइन माध्यामों पर आसन्न खतरों का जिक्र इस रिपोर्ट में किया गया है। इसमें यह भी पाया गया कि 2020 से 2022 (इंटरनेट वॉच फाउंडेशन) के बीच सात से 10 साल के बच्चों की स्व-निर्मित यौन कल्पना की सामग्रियों में 360 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस रिपोर्ट के अनुसार चौंकाने वाली बात यह भी है कि सोशल गेमिंग प्लेटफॉर्म पर बच्चों के साथ बातचीत 19 सेकंड के भीतर उच्च जोखिम वाली ग्रूमिंग स्थितियों में बदल सकती है, जबकि ग्रूमिंग का औसत समय केवल 45 मिनट है।

वीप्रोटेक्ट ग्लोबल अलायंस के अनुसार सोशल गेमिंग का माहौल वयस्क और बच्चे के बीच मेल-जोल, आभासी उपहारों के आदान-प्रदान और पब्लिक रैंकिंग प्रणालियों की सुविधा प्रदान करता है, उससे ऐसे जोखिम काफी बढ़ जाते हैं। संगठन की इस शोधपरक रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यौन शोषण से जुड़े वित्तीय उत्पीड़न में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज होने का उल्लेख किया गया है।

### पिछले साल 10,000 से अधिक वसूली के मामले

इसके तहत 2021 में जहां बच्चों से वसूली के 139 मामले सामने आए थे, वे 2022 में बढ़कर 10,000 से अधिक हो गए। ऐसी घटनाओं में अपराधियों का अपनी यौन तस्वीरें और वीडियो साझा करने के लिए बच्चों को तैयार करना और हेराफेरी करना और फिर पैसे कमाने के लिए उनसे जबरन वसूली करना शामिल है। जबरन वसूली करने वाले लोग युवा लड़कियों के रूप में अपने को ऑनलाइन पेश होते हैं और मुख्य रूप से सोशल मीडिया के माध्यम से 15-17 वर्ष की आयु के लड़कों से संपर्क करते हैं। इसमें कहा गया है कि कई मामलों में, ऐसी घटनाओं के कारण बच्चों ने दुखद रूप से, अपनी जान ले ली।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।